सूर्योदय - 06:32
सूर्यास्त - 05:39

अधिकतम तापमान 20.5°
न्यूनतम तापमान 15.2°

ओपन सर्च

हिन्दी दैनिक

RNI No. HARHIN/2023/86132

खबरें और विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

Mob. : 8826637033
opensearchnews@gmail.com

E-mail | satbeerbhardwaj925@gmail.com Facebook | https://www.facebook.com/opensearch.co.in Website | www.opensearch.co.in

वर्ष : 04 अंक : 101 गुरुग्राम (हरियाणा), शुक्रवार 13 नवंबर 2026 हरियाणा, नई दिल्ली, बिहार से प्रकाशित ₹ मूल्य : 01 रुपए | पृष्ट : 08

हरियाणा का किसान अपनी मेहनत और पसीने से देश के अन्न भंडार भरने में निभा रहा अहम भूमिका : मुख्यमंत्री

किसानों की आय बढ़ाना, खेती की लागत घटाना और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन देना सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा की संस्कृति और कृषि एक-दूसरे से गहराई से जुड़ी हुई हैं। हरियाणा का किसान अपनी मेहनत और पसीने के बल पर देश के अन्न भंडार भरने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। प्रदेश के किसानों ने कृषि क्षेत्र में अपनी मेहनत से हरियाणा को एक अलग पहचान दिलाई है। हरियाणा सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान, फसल की उचित कीमत, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य और फसल विविधीकरण के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। सरकार का प्रयास है कि किसान केवल पारंपरिक खेती तक सीमित न रहें, बल्कि आधुनिक तकनीक, नई फसलों और कृषि आधारित उद्योगों को अपनाकर अपनी आमदनी में वृद्धि करें। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कृषि सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मेहनती किसानों ने अपनी लगन और परिश्रम से न केवल हरियाणा को कृषि के क्षेत्र में अग्रणी बनाया, बल्कि देश के खाद्यान्न भंडार को भरने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच हमेशा किसान की आर्थिक स्थिति मजबूत करने की रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से छोटे और सीमांत किसानों को सालाना 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। इससे किसान को बीज, खाद और कृषि दवाइयों जैसी आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायता मिलती है और उसे छोटी-छोटी जरूरतों के लिए किसी दूसरे पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि किसान पर खेती की लागत का बोझ कम हो और उसे अपनी उपज का उचित मूल्य मिले। इसी दिशा में केंद्र और हरियाणा सरकार मिलकर किसानों के हित में अनेक योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू कर रही हैं।



सिंचाई व्यवस्था के लिए निरंतर हो रहा काम

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सिंचाई व्यवस्था के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं। अमृत सरोवर योजना के तहत लगभग 2,000 तालाबों पर काम किया जा रहा है। नए तालाबों का निर्माण और पुराने तालाबों का पुनर्जीवन किया जा रहा है, ताकि वर्षा जल का संरक्षण हो और भूजल स्तर में सुधार लाया जा सके। उन्होंने बताया कि सरकार नहरों और ड्रेनों की मरम्मत, पुनर्वास एवं सुदृढ़ीकरण पर भी विशेष ध्यान दे रही है, ताकि पानी की बर्बादी रोकी जा सके और उपलब्ध जल का अधिकतम उपयोग कृषि कार्यों में हो। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा देने के लिए 100, 200 और 500 एकड़ के क्लस्टर बनाने की योजना पर काम किया जा रहा है। इन क्लस्टरों में बड़ी डिग्गियां बनाई जाएंगी, जिनमें लगभग एक महीने की आवश्यकता के अनुरूप पानी संग्रहित किया जा सकेगा। इन डिग्गियों से सोलर पंप के माध्यम से स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली द्वारा खेतों तक पानी पहुंचाया जाएगा। इससे कम पानी में अधिक क्षेत्र की सिंचाई और बेहतर पैदावार सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। रेणुकाजी, किशाऊ और लखवार बांधों से हरियाणा को मिलेगा अतिरिक्त पानी मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में पांच राज्यों के बीच रेणुकाजी, किशाऊ और लखवार बांध परियोजनाओं को लेकर समझौता किया गया है।

प्रदेश में एमएसपी पर खरीद की गारंटी: मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है, जिसने प्रधानमंत्री द्वारा निर्धारित सभी फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की गारंटी दी है। प्रदेश सरकार किसानों की फसल को एमएसपी पर खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है।

जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में बोर्ड और निगम निभाएं सक्रिय भूमिका : मोहन लाल बड़ौली

कहा- कम बजट में हो अधिक और गुणवत्तापूर्ण कार्य, अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे सरकारी योजनाओं का लाभ

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन श्री मोहन लाल बड़ौली ने प्रदेश के विभिन्न बोर्डों, निगमों, स्वायत्त निकायों और समितियों के अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों का आह्वान किया कि वे राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने के लिए पूरी तत्परता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि इन संस्थाओं का मूल उद्देश्य आमजन की सेवा और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। इसलिए हर संस्था यह सुनिश्चित करे कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। श्री मोहन लाल बड़ौली आज पंचकूला के मोरनी में विभिन्न बोर्डों, निगमों, स्वायत्त निकायों और समितियों के अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में संस्थाओं की वित्तीय स्थिति, कार्यप्रणाली, उपलब्धियों, चुनौतियों और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। श्री बड़ौली ने कहा कि सार्वजनिक संस्थाओं को अपने उपलब्ध संसाधनों का विवेकपूर्ण और प्रभावी उपयोग करते हुए कम बजट में अधिक से अधिक गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की कार्यशैली अपनानी चाहिए। वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और कार्यों की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बोर्डों और निगमों को केवल अपने प्रशासनिक दायित्वों तक सीमित न रहकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन संस्थाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है, ताकि वे अपनी जिम्मेदारियों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकें। इसके लिए संस्थाओं के अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों को अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए टीम भावना से काम करना होगा। श्री बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। देश की जनता ने उन्हें लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में सेवा करने का अवसर देकर अपना विश्वास व्यक्त किया है। इसी प्रकार हरियाणा की जनता ने भी प्रदेश सरकार को लगातार तीसरी बार जनसेवा का दायित्व सौंपा है। यह विश्वास सभी जनप्रतिनिधियों और सार्वजनिक संस्थाओं के पदाधिकारियों के लिए बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं की सफलता का वास्तविक आकलन इस बात से होता है कि उनका लाभ कितने जरूरतमंद और पात्र लोगों तक पहुंचा है।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भोपाल पहुंचकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माताजी स्व. काशी बाई जी को अर्पित की श्रद्धांजलि

परिवार के सदस्यों से मिलकर बंधाया ढांढस, व्यक्त की गहरी संवेदनाएं



ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी वीरवार को भोपाल पहुंचे, जहां उन्होंने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के आवास पर पहुंचकर उनकी माताजी स्वर्गीय श्रीमती काशी बाई जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने इस दुख की घड़ी में अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

तीन लाख आबादी और 82 पुलिसकर्मियों की सुरक्षा भगवान भरोसे

खंडहर में तब्दील फर्रुखनगर थाने का भवन, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

ओपन सर्च/नरेश शर्मा

गुरुग्राम / फर्रुखनगर। गुरुग्राम जिले के फर्रुखनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 38 गांवों और शहर की करीब 3 लाख की आबादी की सुरक्षा का दारोमदार संभालने वाले पुलिस थाने की हालत बेहद दयनीय हो चुकी है। थाने की मुख्य इमारत, पुलिसकर्मियों के रेजिडेंशियल क्वार्टर, मेस, शौचालय और हवालात (जेल) तक पूरी तरह से जर्जर होकर खंडहर में बदल चुके हैं। आलम यह है कि यहां तैनात लगभग 82 पुलिसकर्मी और रोजाना अपनी फरियाद लेकर आने वाले सैंकड़ो ग्रामीण अपनी जान हथेली पर रखकर थाने पहुंचने को मजबूर हैं।

असुरक्षित घोषित करने की मांग पर भी नहीं हुई ठोस कार्रवाई

भवन की इस खस्ताहाली को लेकर स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार आवाज उठाई जा चुकी है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के कार्यकाल के दौरान पूर्व पार्षद नीरू शर्मा ने इस गंभीर मुद्दे को उठाते हुए सीएम विंडो पर आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई थी और थाने को 'डेंजर' (असुरक्षित) घोषित कर नए भवन के निर्माण की मांग की थी। इसके बाद प्रशासनिक स्तर पर शुरुआती सुगबुगाहट तो जरूर हुई, लेकिन लंबे समय तक धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसके अलावा, इस गंभीर समस्या से दिवंगत पूर्व विधायक राकेश दौलताबाद को भी अवगत कराया गया था। वर्तमान में क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह के संज्ञान में भी कई बार सार्वजनिक मंचों से यह मामला लाया जा चुका है, लेकिन कागजी बहसों के सिवाय स्थिति जस की तस बनी हुई है। प्रशासन की इस सुस्त और ढुलमुल कार्यप्रणाली के चलते क्षेत्रवासियों और स्थानीय दुकानदारों में भारी रोष व्याप्त है।





एसएचओ ने दी जानकारी, अब टेंडर प्रक्रिया की जगी उम्मीद

मामले की गंभीरता को देखते हुए जब फर्रुखनगर थाना प्रभारी (एसएचओ) महेंद्र सिंह चोपड़ा से बातचीत की गई, तो उन्होंने बताया कि थाने के जर्जर भवनों और आवासीय क्वार्टरों की बदहाली का पूरा मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस संबंध में जरूरी कागजी और कानूनी औपचारिकताएं चल रही हैं, और जैसे ही प्रक्रिया पूरी होगी, थाने के जीर्णोद्धार या नए नवनिर्माण की दिशा में आगे के कदम उठाए जाएंगे। वहीं, दूसरी ओर गुप्त सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अब प्रशासनिक गलियारों में इस मामले पर उच्च स्तर पर मंथन शुरू हो गया है और नए भवन के निर्माण के लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया को अमल में लाने की तैयारी की जा रही है। अब यह देखना बेहद अहम होगा कि जनता के टैक्स के पैसों से चलने वाले इस प्रशासनिक तंत्र की नींद कब पूरी होती है और क्षेत्र की रखवाली करने वाले खाकी के सिपाहियों व आम नागरिकों को कब तक एक सुरक्षित छत मयस्सर हो पाती है।

इलेक्ट्रिक ऑटो की पिछली सीटों के बीच छिपाकर रखी थीं शराब की चार पेटियां, आबकारी विभाग ने नाकाबंदी के दौरान पकड़ा

इलेक्ट्रिक ऑटो की पिछली सीटों के बीच छिपाकर रखी थीं शराब की चार पेटियां, आबकारी विभाग ने नाकाबंदी के दौरान पकड़ा

ओपन सर्च/ संजय मिश्रा

जीरकपुर। चंडीगढ़ से शराब लाकर डेराबस्सी में बेचने जा रहे दो युवकों को आबकारी विभाग की टीम ने जीरकपुर में नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चंडीगढ़ मार्का देसी शराब की 192 बोतलें बरामद हुई हैं। शराब की चार पेटियां इलेक्ट्रिक ऑटो की पिछली सीटों के बीच छिपाकर रखी गई थीं। पकड़े गए आरोपियों की पहचान चंडीगढ़ के मौलीजागरां निवासी अमन और हल्लोमाजरा निवासी धर्मेंद्र के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार 11 नवंबर की रात करीब साढ़े आठ बजे आबकारी इंस्पेक्टर गुरप्रीत सिंह अपनी टीम और एएसआई सुखदेव सिंह के साथ चंडीगढ़-जीरकपुर मार्ग पर वेलवेट क्लार्क के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान चंडीगढ़ नंबर का सफेद और नीले रंग का एक इलेक्ट्रिक ऑटो वहां पहुंचा। संदिग्ध गतिविधियों के चलते टीम ने ऑटो को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान ऑटो की पिछली सीटों के बीच छिपाकर रखी गई देसी शराब की चार पेटियां बरामद हुईं। इनमें टैगो ऑरेंज स्पाइसी मार्का की शराब थी। प्रत्येक पेटी में 48 बोतलें थीं। इस तरह कुल 192 बोतल शराब बरामद की गई।



आबकारी विभाग के अनुसार शुरुआती पूछताछ में दोनों आरोपियों ने कथित तौर पर बताया कि वे शराब चंडीगढ़ से खरीदकर लाए थे और इसे डेराबस्सी में बेचने के लिए ले जा रहे थे। कार्रवाई के बाद आबकारी विभाग ने शराब की खेप और तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे इलेक्ट्रिक ऑटो को कब्जे में लेकर दोनों आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया। बलटाणा पुलिस चौकी के एएसआई मलकीत सिंह ने बताया कि आबकारी इंस्पेक्टर की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी इससे पहले भी चंडीगढ़ से शराब लाकर पंजाब में बेचते रहे हैं या नहीं। साथ ही इस अवैध कारोबार में किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। पाकर रखी गई देसी शराब की चार पेटियां बरामद हुईं। इनमें टैगो ऑरेंज स्पाइसी मार्का की शराब थी। प्रत्येक पेटी में 48 बोतलें थीं। इस तरह कुल 192 बोतल शराब बरामद की गई।आबकारी विभाग के अनुसार शुरुआती पूछताछ में दोनों आरोपियों ने कथित तौर पर बताया कि वे शराब चंडीगढ़ से खरीदकर लाए थे और इसे डेराबस्सी में बेचने के लिए ले जा रहे थे।कार्रवाई के बाद आबकारी विभाग ने शराब की खेप और तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे इलेक्ट्रिक ऑटो को कब्जे में लेकर दोनों आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया।बलटाणा पुलिस चौकी के एएसआई मलकीत सिंह ने बताया कि आबकारी इंस्पेक्टर की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी इससे पहले भी चंडीगढ़ से शराब लाकर पंजाब में बेचते रहे हैं या नहीं। साथ ही इस अवैध कारोबार में किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।

जनसमस्याओं का तुरंत समाधान करें अधिकारी, कोई देरी करेगा तो फिर मैं कार्रवाई करूंगा : अनिल विज

ऊर्जा मंत्री ने लालकुर्ती में कई होटलों की फायर एनओसी व अन्य जांच न होने पर नप अधिकारियों को लगाई फटकार

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने सख्त लहजे में कहा कि वह सभी विभागों के अधिकारियों को यही कह रहे हैं कि जनता की शिकायतों का तुरंत समाधान किया जाए और यदि कोई समाधान में देरी करेगा तो फिर मैं कार्रवाई करने में देरी नहीं करूंगा, लोगों को बार-बार अपनी समस्याओं को लेकर न आना पड़े, इसलिए त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। श्री विज आज अम्बाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जनसमस्याओं को सुन रहे थे। ऊर्जा मंत्री अनिल विज के समक्ष एक व्यक्ति ने अम्बाला छावनी तहसील में एक पटवारी द्वारा आठ माह से इंतकाल नहीं करने और बार-बार चक्कर लगाने के मामले में कड़ा संज्ञान लिया और एसडीएम अम्बाला छावनी को मामले में जांच कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पटवारी द्वारा व्यक्ति को बार-बार क्यों चक्कर लगवाए जा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि इंतकाल में हो रही देरी की जांच की जाए और यदि जांच में पटवरी दोषी पाया जाता है तो उसे निलंबित भी किया जाए। इसी प्रकार, एक अन्य मामले में सीनियर सिटीजन ने तहसील में एक अन्य पटवारी द्वारा उसकी रजिस्टरी नहीं होने की शिकायत की जिसपर भी ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कड़ा संज्ञान लिया और कार्रवाई के निर्देश दिए।



ऊर्जा मंत्री अनिल विज के समक्ष लालकुर्ती निवासी व्यक्ति ने शिकायत देते हुए कहा कि लालकुर्ती में गत दिनों आगजनी की घटना हुई थी, मगर इसके बावजूद भी नगर परिषद, फायर ब्रिगेड या पुलिस द्वारा मामले में कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। उसका आरोप था कि लालकुर्ती में बिना एनओसी के कई होटल बन चुके हैं मगर नगर परिषद व अन्य किसी विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है जिससे भविष्य में भी हादसों का खतरा क्षेत्र में बना हुआ है। मंत्री अनिल विज ने मामले में नगर परिषद अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कबूतरबाजी मामलों में एसपी को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए, बोले "मैनें पहले दो एसआईटी गठित कर कई कबूतरबाजों पर की थी कार्रवाई" ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कबूतरबाजी के मामलों में एसपी अम्बाला को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जब उनके पास गृह विभाग था तब उन्होंने दो बार एसआईटी गठित कर सैकड़ों कबूतरबाजों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की थी, मगर अब फिर कबूतरबाज उड़ रहे हैं जिनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

17 वर्षों से दुकानों का टैक्स नहीं वसूलने पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने नप अधिकारियों को लगाई फटकार: जनसुनवाई के दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज को महिला ने शिकायत देते हुए नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर आरोप लगाए और कहा कि 17 वर्षों से नगर परिषद कुछ दुकानों का प्रापर्टी टैक्स वसूल नहीं कर रही है। उसने कहा कि इस मामले में वह कई बार शिकायत कर चुकी है मगर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। महिला की शिकायत पर मंत्री अनिल विज ने कड़ा संज्ञान लेते हुए नप अधिकारियों को फटकार लगाई, उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा टैक्स रिकवरी में इतनी ढिलाई क्यों बरती जा रही है।

सीटीएम ज्योति नागपाल की अध्यक्षता में समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित

लंबित शिकायतों के निपटारे में तेजी लाएं विभाग, एटीआर अपलोड करने में न हो देरी : ज्योति नागपाल

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। सीटीएम ज्योति नागपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समय सीमा में निपटारा सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और संबंधित विभाग कार्रवाई पूरी करने के बाद एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) समय पर पोर्टल पर अपलोड करें।

उन्होंने कहा कि शिकायतों का उद्देश्य केवल पोर्टल पर औपचारिक कार्रवाई दर्शाना नहीं, बल्कि आमजन की समस्या का वास्तविक समाधान करना है, ताकि नागरिकों को एक ही काम के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

सीटीएम ने कहा कि लंबे समय से लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। जिन शिकायतों में एक से अधिक विभागों की भूमिका है, उनमें आपसी समन्वय के साथ कार्रवाई करते हुए समाधान सुनिश्चित किया जाए। एटीआर में संबंधित विभाग की ओर से की गई कार्रवाई का पूरा एवं तथ्यात्मक विवरण दर्ज किया जाए तथा आवश्यक जांच रिपोर्ट और दस्तावेज भी अपलोड किए जाएं। दोबारा खुलने वाली शिकायतों की विशेष समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि पिछली कार्रवाई में रही कमियों को दूर कर शिकायतकर्ता को संतुष्टिपूर्ण समाधान मिले।

सीटीएम ज्योति नागपाल ने बताया कि गुरुग्राम जिला में समाधान शिविरों के माध्यम से नागरिकों की शिकायतों का नियमित रूप से निपटारा किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागवार लंबित शिकायतों की नियमित समीक्षा करें और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई पूरी कर उसकी एटीआर पोर्टल पर अपलोड करें।

ठक-ठक गैंग के दो अंतरराज्यीय बदमाश गिरफ्तार, 26 मामलों में थे भगोड़े

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। मानेसर क्राइम ब्रांच ने गाडिय़ों के शीशे तोडक़र उनमें रखा सामान चोरी करने वाले ठक-ठक गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहे थे। पुलिस के अनुसार, दोनों को अदालत ने अलग-अलग 26 मामलों में भगोड़ा घोषित किया हुआ था। इसके अलावा गुरुग्राम और दिल्ली में चोरी की 11 वारदातों में भी उनकी तलाश थी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिल्ली के संगम विहार निवासी मोहम्मद जाकिर उर्फ बकरा और उत्तर प्रदेश के महुवा जिले के रिबई निवासी बबलू उर्फ दिनेश के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को 11 नवंबर 2026 को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, 29 अगस्त 2018 को गुरुग्राम के कुतुब प्लाजा में एक कार का शीशा तोडक़र लैपटॉप और अन्य सामान चोरी किया गया था। इस संबंध में डीएलएफ फेज-1 थाने में मामला दर्ज किया गया था। इसी मामले में अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर दोनों आरोपियों को भगोड़ा घोषित किया गया था। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी गुरुग्राम में चोरी के तीन और दिल्ली में चोरी के आठ मामलों में फरार चल रहे थे। पुलिस के अनुसार, आरोपी पहले पार्किंग या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर खड़ी गाडिय़ों की रेकी करते थे। इसके बाद मौका मिलते ही शीशे तोडक़र उनमें रखा कीमती सामान चोरी कर फरार हो जाते थे। ठक-ठक गैंग के सदस्य आमतौर पर भीड़भाड़ वाले इलाकों, पार्किंग स्थलों और रेड लाइट पर खड़ी गाडिय़ों को निशाना बनाते थे। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर उनके अन्य आपराधिक मामलों और वारदातों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

युवक की गोली मारकर हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, पुरानी रंजिश में दिया वारदात को अंजाम

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गांव सिधरावली बस स्टैंड पर कार में बैठे युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक देशी और एक विदेशी पिस्टल, सात जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि हत्या की वारदात पुरानी रंजिश के चलते अंजाम दी गई थी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गांव सिधरावली निवासी जतिन (21) और महेंद्रगढ़ के गांव नांगल दरगू निवासी मोनू उर्फ धोलिया (27) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 9 नवंबर को बिलासपुर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि सिधरावली बस स्टैंड पर एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मौके पर पहुंची पुलिस को एक कार की अगली सीट पर युवक का शव मिला था। मृतक की पहचान गांव सिधरावली निवासी 35 वर्षीय दीपक के रूप में हुई। उसके चाचा की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। जिसके बाद क्राइम ब्रांच ने जतिन को गांव सहरावन से और मोनू को राजस्थान के पावटा-कोटपुतली से गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि करीब छह महीने पहले मृतक के साथियों ने जतिन के भाई के साथ मारपीट की थी। इसके अलावा जतिन के एक दोस्त के साथ भी मारपीट हुई थी और उसे जान से मारने की धमकी दी गई थी।

वहीं, मोनू सिधरावली की एक फैक्ट्री में काम करता था। पुलिस के मुताबिक, फैक्ट्री मालिक सत्येंद्र यादव पर करीब छह साल पहले दीपक ने जानलेवा हमला किया था। मोनू इस घटना का बदला लेना चाहता था। इसके बाद जतिन और मोनू ने मिलकर हत्या की योजना बनाई और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार, हत्या में इस्तेमाल हथियार मोनू को लिपिन नेहरा ने उपलब्ध कराए थे। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, मृतक दीपक पर हत्या, हत्या के प्रयास, मारपीट और अवैध हथियार रखने सहित आठ मामले दर्ज थे। वहीं, आरोपी मोनू पर भी गुरुग्राम और नांगल चौधरी में आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक, मोनू ने सेक्टर-10 थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास की एक अन्य वारदात का भी खुलासा किया है। जतिन को अदालत में पेश कर पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

डीएलएफ फेज-2 में अवैध व्यावसायिक गतिविधियों के विरुद्ध सीलिंग अभियान शुरू, चार इमारतें सील

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज


प्रतीकात्मक तस्वीर

गुरुग्राम। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग की एनफोर्समेंट टीम ने डीएलएफ फेज-2 में रिहायशी मकानों में नियमों के विरुद्ध संचालित व्यावसायिक गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बृहस्पतिवार को चार इमारतों को सील किया। कार्रवाई के दौरान तीन गेस्ट हाउस और एक बेसमेंट में संचालित व्यावसायिक गतिविधि को पर ताला जड़ दिया।

विभाग की टीम ने एल-2/11 के बेसमेंट में संचालित व्यावसायिक कार्यालय को सील किया। इसके अलावा के-9/7 में 16 कमरों का गेस्ट हाउस संचालित पाया गया, जिसे सील कर दिया गया। के-9 में भी एक अन्य गेस्ट हाउस के विरुद्ध सीलिंग की कार्रवाई की गई। वहीं, 30 आकाशनीम मार्ग पर 17 कमरों का गेस्ट हाउस संचालित मिला, जिसे विभागीय टीम ने सील कर दिया। उल्लेखनीय है कि करीब एक महीने के अंतराल के बाद सीलिंग अभियान दोबारा शुरू किया गया है। डीएलएफ फेज दो मे पहली बार सीलिंग शुरू हुई हैं। तीन नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि मामला सुनवाई के अधीन होने के बावजूद न्यायालय की ओर से किसी प्रकार की अंतरिम रोक नहीं लगाई गई है। ऐसे में विभाग नियमानुसार अपनी कार्रवाई जारी रख सकता है।

डीटीपीई अमित मधोलिया ने बताया कि डीएलएफ फेज-2 में अवैध व्यावसायिक गतिविधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। शुक्रवार और शनिवार को भी सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद अगले सप्ताह भी विभाग की टीमें लगातार अभियान चलाएंगी। लाइसेंस प्राप्त कालोनियों में रिहायशी मकानों का उपयोग निर्धारित नियमों और स्वीकृत मानकों के अनुरूप ही किया जाना चाहिए। आवासीय मकानों में नियमों के विरुद्ध पीजी, गेस्ट हाउस, कार्यालय अथवा अन्य व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने वालों के विरुद्ध विभाग की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

अमित मधोलिया, डीटीपीई, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग

कंपनी में जहरीली गैस के कारण मारे गए तीनों कर्मचारियों के शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपे

- कंपनी प्रबंधन ने तीनों कर्मचारियों के परिजनों को क्षतिपूर्ति के लिए 20-20 लाख रुपए दिए, पुलिस ने दोपहर को कंपनी बंद कराई

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। भोंडसी थाना क्षेत्र के गांव धूमसपुर स्थित संधार कंपनी की पेंट शॉप के टेंक में जहरीली गैस बनने से मारे गए तीनों कर्मचारियों के शवों का गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद परिजनों को शव सौंप दिए गए। तीन कर्मचारियों की मौत के बाद भी गुरुवार को संधार कंपनी में प्रोडक्शन शुरू कर दिया, लेकिन भोंडसी थाना पुलिस ने दोपहर करीब एक बजे पहुंचकर कंपनी को जबरन बंद करा दिया। ऐसे में सभी कर्मचारियों को घर भेज दिया। हालांकि मृतकों के परिजनों व कंपनी प्रबंधन के बीच समझौता होने के कारण दोपहर बाद पुलिस अधिकारियों ने कंपनी को खोलने की अनुमति दे दी।

कंपनी प्रबंधन की ओर से तीनों मृतक कर्मचारियों नरेश निवासी बादशाहपुर, अनिल झा निवासी बिहार व आरिफ निवासी बिहार के परिजनों को सांत्वना एवं क्षतिपूर्ति के लिए 20-20 लाख रुपए दिए साथ ही बिहार के दोनों मृतकों के लिए एंबूलेंस भी कंपनी ने उपलब्ध कराई। ज्ञात हो कि संधार कंपनी में बुधवार दोपहर बाद तीन कर्मचारियों की पेंट हाऊस के टेंक में जहरीली गैस बनने के कारण मौत हो गई थी। इसके बाद भोंडसी थाना पुलिस ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। संधार कंपनी होंडा कंपनी के स्पेयर पार्ट तैयार करती है और कई पार्टस पर पेंट भी करती है। बुधवार को हादसे के बाद कंपनी में काम बंद हो गया था, लेकिन गुरुवार को कंपनी सामान्य रूप से खुली तो पुलिस ने बंद करा दिया, जिससे दो दिन कंपनी में कामकाज प्रभावित रहा।

कुरुक्षेत्र में 15 नवंबर को गेस्ट टीचर्स करेंगे मॉक संसद, सीएम के घेराव की तैयारी

किसान संयुक्त मोर्चा, सर्व कर्मचारी संघ समेत अन्य संगठन करेंगे गेस्ट टीचर्स का समर्थन

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

- 12 दिसंबर को रामलीला मैदान में कई संगठनों के कर्मचारी करेंगे रैली


प्रतीकात्मक तस्वीर

गुरुग्राम। गेस्ट टीचर्स आगामी 15 नवंबर को अपनी मांगों को लेकर कुरुक्षेत्र में मॉक संसद का आयोजन करेंगे। इसके बाद सीएम का घेराव करेंगे। इस दौरान किसान संयुक्त मोर्चा, सर्व कर्मचारी संघ समेत अन्य कर्मचारी संगठन गेस्ट टीचर्स का समर्थन करेंगे। यह जानकारी हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य प्रधान प्रभु सिंह ने दी। वे गुरुग्राम के शर्मा रेस्टोरेंट में पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की हुड्डा सरकार की तरह प्रदेश में भाजपा सरकार ने भी गेस्ट टीचर्स के साथ धोखा किया है। इस दौरान उनके साथ मुकेश रानी राज्य वरिष्ठ उपप्रधान, महिला विंग, दिनेश यादव राज्य प्रधान, हरियाणा अनुबंधित अध्यापक संघ, सुरेश नोरा पूर्व चीफ आर्गेनाइजर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, सत्यनारायण यादव, राज्य सचिव हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ व सुशील कुमार, सचिव सर्व कर्मचारी संघ, यमुनानगर गेस्ट टीचर्स जिला प्रधान जेपी मित्तल व गुरुग्राम गेस्ट टीचर्स के जिला प्रधान मनोज भी उपस्थित रहे। इस दौरान प्रभु सिंह ने कहा कि पिछले 20 साल से गेस्ट टीचर्स आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांगों को लेकर सरकार गंभीर नही है। प्रदेश में वर्ष 2005 में गेस्ट टीचर्स के लिए पॉलिसी बनाई थी, जिसमें गांव के योग्य उम्मीदवारों को पीरियड के आधार पर नियुक्त किया गया। इसके बाद प्रदेश की हुड्डा सरकार ने वर्ष 2014 में दो पॉलिसी बनाई, जिनमें तीन साल का कान्ट्रेक्ट व दूसरी दस साल की पॉलिसी शामिल थी। इन दोनों पॉलिसी के तहत शैक्षणिक योग्यताओं को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को गेस्ट टीचर्स को कान्ट्रेक्ट पर लाया गया। इसके बाद गेस्ट टीचर्स ने रोहतक व पंचकूला में रात्रि पड़ाव डाला गया। इसके बाद कॉलेजों के गेस्ट लेक्चरर्स को पक्का कर दिया गया था। लेकिन गेस्ट टीचर्स पक्के नहीं हो पाए क्यों कि कुछ ही दिन पहले आचार संहिता लग गई थी। इसके बाद से ही गेस्ट टीचर्स लगातार नियमितीकरण के लिए आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन प्रदेश की वर्तमान सरकार ने केवल झूठे आश्वासन दिए। करीब 22 हजार गेस्ट टीचर्स में से करीब 12 हजार गेस्ट टीचर्स ही अब कार्यरत हैं, जबकि अन्य गेस्ट टीचर्स या तो सेवानिवृत हो चुके हैं या फिर उनकी मौत हो चुकी है। अब वे अपनी मांगों को लेकर अन्य संगठनों के साथ मिलकर आंदोलन करेंगे।

गुरुग्राम : सड़क हादसे में डिलीवरी बॉय की मौत



ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। नरहेड़ा से घोषगढ़ रोड पर मजार के नजदीक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार डिलीवरी बॉय की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव घोषगढ़ निवासी विजय कुमार ने बताया कि उसका 31 वर्षीय छोटा भाई भीम सिंह दिल्ली में एक कंपनी में डिलीवरी बॉय का काम करता था। 31 अक्टूबर को वह कंपनी से अपनी बाइक पर घर लौट रहा था। इसी दौरान नरहेड़ा-घोषगढ़ रोड पर मजार के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को पटौदी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उसे गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल और बाद में दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन की शिकायत पर पटौदी थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 और 106(1) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच कर रहे हेड कांस्टेबल भारत भूषण ने कहा कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान करने में जुटी है।

सड़क पर लेन तोड़ने पर 7,736 वाहनों के किए चालान



ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सडक़ पर सुरक्षित एवं सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए गुरुग्राम यातायात पुलिस द्वारा लेन ड्राइविंग नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। ट्रैफिक पुलिस ने 01 नवंबर से 11 नवंबर 2026 तक लेन अनुशासन तोडऩे वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 7,736 चालान किए हैं। इस कार्रवाई के माध्यम से नियमों की अनदेखी करने वाले चालकों को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि यातायात नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस के अनुसार, बिना इंडिकेटर लेन बदलना, गलत लेन में वाहन चलाना और अन्य वाहनों के बीच उचित दूरी नहीं रखना सडक़ दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। विशेषकर व्यस्त सडक़ों और हाईवे पर लेन अनुशासन का पालन बेहद जरूरी है। गुरुग्राम यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि निर्धारित लेन में ही वाहन चलाएं, लेन बदलते समय इंडिकेटर का इस्तेमाल करें और यातायात व्यवस्था बाधित न करें। पुलिस ने स्पष्ट किया कि सुरक्षित सफर के लिए यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

केएमपी पर तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत



ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे पर पचगांव टोल के नजदीक तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव सुल्तानपुर निवासी सत्येंद्र ने बताया कि बीती 7 नवंबर को उसका ममेरा भाई दिनेश कुमार उसकी बाइक लेकर निजी काम से पलवल गया था। वापस लौटते समय केएमपी पर पचगांव टोल के पास एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। शिकायत के अनुसार, हादसे में दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे गुरुग्राम के अस्पताल पहुंचाया गया। बाद में उसे नोएडा और फिर ओम कृष्णा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सत्येंद्र की शिकायत पर बिलासपुर थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 281 और 106 के तहत एफआईआर दर्ज की है। मामले की जांच कर रहे सब-इंस्पेक्टर घनश्याम ने कहा कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान करने में जुटी है।

होटल की पार्किंग से कार चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार



ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सेक्टर-57 स्थित एक होटल की पार्किंग से कार चोरी होने के मामले में सेक्टर-56 थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई कार और उसकी एक चाबी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि 13 और 14 अक्टूबर की रात सेक्टर-57 स्थित होटल लाइनवुड की पार्किंग से उसकी कार अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। शिकायत के आधार पर सेक्टर-56 थाने में मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को 10 नवंबर को सेक्टर-43, गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान हिसार जिले के बरवाला निवासी हरविंदर (40) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की कार और एक चाबी बरामद की है। पुलिस का कहना है कि मामले में नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जा रही है और आरोपी से पूछताछ के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

छठ महापर्व को लेकर विधायक मुकेश शर्मा ने निर्माणाधीन छठ घाट का किया निरीक्षण

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गुरुग्राम के विधायक श्री मुकेश शर्मा जी ने श्री शीतला माता मंदिर पार्किंग में निर्माणाधीन छठ पूजा घाट का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित व्यवस्थाओं को लेकर आयोजक समिति के सदस्यों से चर्चा की और आश्वस्त किया कि छठ महापर्व को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएंगी। उल्लेखनीय है कि श्री शीतला माता भव्य छठ पूजा महोत्सव-2026 का आयोजन 15 एवं 16 नवंबर को पाटलिपुत्र सांस्कृतिक चेतना समिति द्वारा किया जा रहा है। इस महोत्सव में विधायक श्री मुकेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। निरीक्षण के दौरान श्री मुकेश शर्मा ने कहा कि छठ महापर्व आस्था, श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है। यह पर्व प्रकृति और सूर्य उपासना के साथ-साथ हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं एवं लोक आस्था का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु पूरे उत्साह और श्रद्धापूर्वक इस पावन पर्व को मना सकें, इसके लिए घाट पर साफ-सफाई, सुरक्षा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि छठी मैया की कृपा सभी पर बनी रहे और सभी श्रद्धालुओं का यह पावन पर्व सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय हो, यही उनकी कामना है। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती सुनीता वर्मा, समिति के अध्यक्ष श्री प्रकाश राय, महासचिव श्री संत कुमार सहित समिति के अन्य सदस्य एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

जिला युवा महोत्सव-2026 की तैयारियों को लेकर एडीसी सोनू भट्ट ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

19 व 20 नवंबर को होगा दो दिवसीय आयोजन, पंजीकरण की अंतिम तिथि 16 नवंबर

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। हरियाणा सरकार के युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग के निर्देशानुसार आयोजित होने वाले जिला युवा महोत्सव-2026 की तैयारियों को लेकर एडीसी सोनू भट्ट की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन की रूपरेखा, प्रतिभागियों की भागीदारी तथा कार्यक्रम से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

एडीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते पूरे करें। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि स्कूलों एवं कॉलेजों के विद्यार्थियों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं, ताकि युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतर मंच मिल सके।

- 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा छह विधाओं की प्रतियोगिताओं में दिखाएंगे प्रतिभा

एडीसी सोनू भट्ट ने कहा कि जिला युवा महोत्सव का उद्देश्य युवाओं को विकसित भारत-2047 के संकल्प से जोड़ने के साथ उनमें राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक सहभागिता और नेतृत्व क्षमता की भावना को प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष महोत्सव की थीम 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' रखी गई है, जिसके माध्यम से युवाओं को नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। गुरुग्राम में 19 व 20 नवंबर को आयोजित होने वाले इस महोत्सव के जिला स्तर के विजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। बैठक में गुरुग्राम आईटीआई के प्रधानाचार्य रविंद्र यादव ने जानकारी दी कि महोत्सव के दौरान छह विधाओं में प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। इनमें लोक नृत्य, लोकगीत, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, कविता लेखन तथा लोक वाद्य यंत्र प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इनमें 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागियों के लिए माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है, जिसकी अंतिम तिथि 16 नवंबर निर्धारित की गई है। जिला स्तर पर प्रत्येक विधा के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 4,100 रुपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 3,100 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 2,100 रुपये प्रदान किए जाएंगे।

लेखक अशोक कुमार जाखड़ निस्वार्थी Ex CISF द्वारा लिखित एकल पुस्तक निस्वार्थी पर्यावरण पद दर्शन को मिला इंडिया बुक आफ रिकार्ड में स्थान



अशोक कुमार जाखड़ निस्वार्थी Ex CISF द्वारा लिखित निस्वार्थी पर्यावरण पद दर्शन को मिला इंडिया बुक आफ रिकार्ड मे स्थान। लेखक को इससे पहले निस्वार्थी राष्ट्र के राष्ट्र पति दर्शन (एकल)और निस्वार्थी भारत माता दिवस (साझा संकलन)पर भी दो बार यह इंट्री मिल चुकी है।लेखक 31दिसम्बर 2017 को 37साल 01 महीना का सेवाकाल पुरा करके सहायक उप निरीक्षक के पद से सेवानिवृत हुए है। उसके बाद वह लगातार हिंदी एवं हरियाणवी साहित्य की सेवा में लगे हुए है। उनकी अब तक तीस एकल पुस्तक और सौलह साझा संकलन प्रकाशित हो चुके है।

डॉ. पंकज ने संभाला नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त का कार्यभार, सफाई, प्रदूषण नियंत्रण और गुणवत्तापूर्ण विकास कार्यों को देंगे प्राथमिकता

पदभार संभालते ही अधिकारियों के साथ की बैठक, समयसीमा में कार्य पूरे करने और नागरिकों की शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। नगर निगम गुरुग्राम को नया नेतृत्व मिल गया है। वीरवार को वर्ष 2020 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी डॉ. पंकज ने नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त के रूप में पदभार संभाल लिया। इससे पूर्व वे नगर निगम पानीपत में आयुक्त के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। हरियाणा सरकार द्वारा उन्हें नगर निगम गुरुग्राम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पदभार ग्रहण करने पर नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया तथा निगम की कार्यप्रणाली, विभिन्न विभागों की गतिविधियों और शहर में चल रहे प्रमुख कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान डॉ. पंकज ने अधिकारियों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की और शहर के विकास, स्वच्छता, प्रदूषण नियंत्रण तथा नागरिक सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं।

सफाई व्यवस्था और प्रदूषण नियंत्रण पर रहेगा विशेष फोकस: आयुक्त डॉ. पंकज ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाना और प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाना उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में सफाई व्यवस्था को मजबूत किया जाए तथा मुख्य सड़कों को नियमित रूप से स्वच्छ रखा जाए। सड़कों को धूल मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान में तेजी लाई जाए और सभी संबंधित अधिकारी इसकी प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करें। उन्होंने कचरा जलाने की घटनाओं पर प्रभावी निगरानी रखने और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त गुरुग्राम के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ गंभीरता से कार्य करना होगा।



***समयसीमा और गुणवत्ता से नहीं होगा कोई समझौता:** डॉ. पंकज ने कहा कि नगर निगम द्वारा करवाए जाने वाले सभी विकास एवं अन्य कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरे होने चाहिए। कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए और अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी कार्य में अनावश्यक देरी न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र के कार्यों की नियमित समीक्षा करें तथा समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के लिए जिम्मेदारी के साथ काम करें।

जनता और जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर संवाद पर जोर

आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ करें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों के साथ अधिकारियों का व्यवहार अच्छा और सहयोगात्मक होना चाहिए। अधिकारी लोगों से नियमित रूप से मिलें, उनकी समस्याएं सुनें और उनके साथ बेहतर संवाद स्थापित करें।

21 नवंबर को विकास सदन में लगेगी विशेष लोक अदालत, एनआई एक्ट के लंबित मामलों का होगा समाधान

एनआई एक्ट की धारा 138 के लंबित मामलों का आपसी सहमति से होगा समाधान

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुरुग्राम की ओर से 21 नवंबर 2026 को विकास सदन, जिला न्यायालय परिसर, गुरुग्राम में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेंद्र सुरा के मार्गदर्शन में आयोजित इस लोक अदालत में परक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट) की धारा 138 के तहत लंबित मामलों का निपटारा किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव निशा ने बताया कि विशेष लोक अदालत का उद्देश्य एनआई एक्ट की धारा 138 से संबंधित लंबित मामलों का आपसी सहमति से त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। इससे न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या कम करने के साथ-साथ पक्षकारों के समय और धन की बचत भी होगी। उन्होंने बताया कि लोक अदालत विवादों के आपसी सहमति से समाधान का प्रभावी माध्यम है। इसमें दोनों पक्ष सौहार्दपूर्ण वातावरण में अपने विवाद का निपटारा कर सकते हैं। लोक अदालत में पारित अवार्ड अंतिम होता है और दोनों पक्षों पर बाध्यकारी होता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने संबंधित पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं से अपील की है कि वे विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक भागीदारी करें और आपसी समझौते के माध्यम से अपने लंबित मामलों का समाधान करवाएं।

इस लोक अदालत में मामलों के निपटारे के लिए किसी प्रकार का अतिरिक्त न्यायालय शुल्क नहीं देना होगा। अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुरुग्राम से संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की हेल्पलाइन नंबर 15100 पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

एसडीएम हितेंद्र कुमार ने समाधान शिविर में सुनीं सात शिकायतें, अधिकांश का मौके पर किया समाधान

लंबित शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में समाधान करने के अधिकारियों को दिए निर्देश

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए जिला एवं उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों में नागरिकों की शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जा रही है। वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम हितेंद्र कुमार ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 7 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया गया। एसडीएम हितेंद्र कुमार ने कहा कि समाधान शिविर नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए एक प्रभावी माध्यम हैं। इन शिविरों के जरिए आमजन को अपनी शिकायतें सीधे संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखने और उनका समाधान प्राप्त करने की सुविधा मिल रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए उनका निर्धारित समय सीमा में समाधान सुनिश्चित करें।

- प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किए जाते हैं समाधान शिविर



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों और उन पर की गई कार्रवाई की नियमित समीक्षा करते हैं। शिविर में बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र, बुढ़ापा पेंशन सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं रखी गईं। एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को लंबित शिकायतों का शीघ्र समाधान करने तथा शिकायतकर्ताओं को की गई कार्रवाई की जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

एसडीएम ने बताया कि जिला एवं उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं। इन शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर नागरिकों की शिकायतें सुनते हैं और उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करते हैं। उन्होंने आमजन से समाधान शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याएं रखने का आह्वान किया।

गुड़गांव में नशे पर लगाम लगाने को कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

-स्कूल-कॉलेजों के बाहर गश्त बढ़ाने की मांग

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। जिला में तेजी से फैलते नशे के कारोबार को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला अध्यक्ष (शहरी) पंकज डावर व महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पर्ल चौधरी के नेतृत्व में पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने शहर में नशे के अवैध नेटवर्क पर अंकुश लगाने, युवाओं को नशे के जाल से बचाने और स्कूल-कॉलेजों के आसपास सुरक्षा व पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। इस दौरान सूबे सिंह यादव एडवोकेट, सीमा हुड्डा, विकास हुड्डा, हरकेश प्रधान, राजीव यादव समेत आदि मौजूद रहे। पंकज डावर की अध्यक्षता में पुलिस आयुक्त सिबाश कबिराज को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले कुछ समय से गुरुग्राम में नशे का अवैध कारोबार एक गंभीर सामाजिक एवं कानून-व्यवस्था की समस्या बनता जा रहा है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों एवं रिहायशी कॉलोनियों में नशीले पदार्थों की बिक्री और इनके अवैध नेटवर्क को लेकर आम नागरिकों में गहरी चिंता और भय का माहौल है। कांग्रेस ने सबसे अधिक चिंताजनक स्थिति युवा पीढ़ी को बताया है। ज्ञापन में कहा गया कि विशेषकर स्कूल और कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थी नशे के सौदागरों के निशाने पर हैं। यदि समय रहते इस पर कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो इसका दुष्परिणाम न केवल युवाओं के भविष्य पर पड़ेगा, बल्कि पूरे समाज की सामाजिक संरचना प्रभावित होगी।

जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) ने पुलिस आयुक्त के समक्ष 7 प्रमुख मांगें रखी हैं। पहली मांग स्कूल एवं कॉलेजों के बाहर विशेष गश्त बढ़ाने की है। दूसरी मांग रिहायशी कॉलोनियों में सख्त कार्रवाई की है। तीसरी मांग नशा तस्करों के नेटवर्क पर प्रहार की है। चौथी मांग विशेष एंटी-ड्रग अभियान चलाने की है। पांचवीं मांग पीजी, हॉस्टल एवं किराये के मकानों की निगरानी की है। छठी मांग गुप्त शिकायत व्यवस्था बनाने की है। सातवीं मांग युवाओं के लिए जागरुकता अभियान चलाने की है। पंकज डावर ने कहा कि स्कूलों, कॉलेजों एवं सामुदायिक केंद्रों में नशे के दुष्परिणामों को लेकर जागरुकता अभियान चलाए जाएं तथा नशे की गिरफ्त में आ चुके युवाओं के पुनर्वास के लिए भी प्रयास किए जाएं।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहरी) पंकज डावर ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को बर्बाद नहीं करता, बल्कि पूरे परिवार और समाज को तबाह कर देता है। जिस शहर की पहचान देश के प्रमुख औद्योगिक एवं शैक्षणिक केंद्र के रूप में होती है, वहां हमारी युवा पीढ़ी का नशे की गिरफ्त में जाना बेहद चिंताजनक है। उन्होंने मांग की कि इस विषय को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तत्काल प्रभाव से ठोस कार्रवाई की जाए तथा की गई कार्रवाई की जानकारी भी उपलब्ध करवाई जाए।

महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष पर्ल चौधरी ने कहा कि गुडग़ांव की युवा पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित करने और शहर को नशामुक्त बनाने के लिए प्रशासन के साथ मिलकर काम करने का कांग्रेस का उद्देश्य है। हम सब मिलकर नशे को जड़ से खत्म करने की दिशा में काम करेंगें। नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस की नहीं, पूरे समाज की लड़ाई है।

पटेल नगर में एक साल से अधूरा पड़ा बिजली लाइन का काम, समाधान शिविर में पहुंची शिकायत; तारों से बिजली चोरी का भी आरोप

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। पटेल नगर की गली नंबर 12 में पिछले एक साल से अधूरे पड़े बिजली के काम और लटकते पुराने तारों से परेशान निवासियों का सब्र अब जवाब दे गया है। वीरवार को पटेल नगर सुधार मंडल (RWA) के प्रधान चौधरी दीपचंद और गली के निवासियों ने उपायुक्त (DC) के 'समाधान शिविर' में पहुंचकर बिजली निगम (DHBVN) की कार्यप्रणाली के खिलाफ लिखित शिकायत सौंपी और काम को जल्द पूरा कराने की गुहार लगाई।

क्या है पूरा मामला?

शिकायत पत्र के अनुसार, पटेल नगर की गली नंबर 12 में बिजली की पीवीसी (PVC) केबल डालने का काम शुरू किया गया था, जिसे बीच में ही अधूरा छोड़ दिया गया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह काम वर्ष 2025 में शुरू हुआ था, लेकिन आज तक पूरा नहीं हो सका है।

मुख्य समस्याएं और निवासियों के आरोप:

Bullet 10 मकानों के कनेक्शन अटके: निवासियों की मांग है कि पुराने जर्जर तारों को हटाकर खंभे से नई पीवीसी लाइन जोड़ी जाए, ताकि मकान नंबर 1336/5 से 1341/5 तक के करीब 10 मकानों को सुचारू बिजली कनेक्शन मिल सके। Bullet बिजली चोरी की आशंका: पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि चार मकानों के सामने बिजली के कुछ पुराने तार अब भी खुले पड़े हैं, जिसका कुछ लोग गलत फायदा उठा रहे हैं।

Bullet अधिकारियों की अनदेखी: निवासियों का कहना है कि वे इस समस्या को लेकर 31 जनवरी, 20 फरवरी, 19 अप्रैल, 11 जुलाई और 18 सितंबर 2026 को बिजली बोर्ड में कई बार लिखित शिकायत दे चुके हैं। इसके अलावा एसई (SE), एक्सईएन (XEN), एसडीओ (SDO) और जेई (JE) से फोन पर व व्यक्तिगत रूप से मिलकर भी गुहार लगाई गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

प्रशासन से कार्रवाई की मांग

समाधान शिविर में यह शिकायत संबंधित विभाग (DHBVN) को अग्रसारित कर दी गई है। आरडब्ल्यूए प्रधान चौधरी दीपचंद सहित निरंजन, योगेश, विजेंद्र, सरमन, मदनलाल, मनोज, सोनवती, दिनेश शर्मा, रोहित सिंह और राजू आदि निवासियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द अधूरे कार्य को पूरा कर पुराने तारों को हटाया जाए।

नूंह में ओवरलोडिंग पर ट्रैफिक पुलिस का बड़ा प्रहार

ट्रैफिक पुलिस की दो टीमों ने 8 ओवरलोड वाहनों को किया जब्त, आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई : मनोज कुमार

ओपन सर्च/आस मोहम्मद







नूंह। नूंह जिले में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अर्पित जैन के दिशा-निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार की रात जिले में दो अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए कुल 8 ओवरलोड वाहनों को जब्त कर लिया। जिनमें 6 ट्रक और 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली शामिल हैं।

ट्रैफिक थाना प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस की टीमें रात में लगातार पेट्रोलिंग और नाइट चेकिंग कर रही हैं। इसी कड़ी में कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर पुलिस टीम ने दो ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लिया। ये वाहन रोड़ी, बजरी व ईंटों से ओवरलोड भरे हुए थे।

इसके अलावा मांडीखेड़ा ट्रैफिक थाना प्रभारी के नेतृत्व में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर चलाए गए तलाशी व चेकिंग अभियान के दौरान 6 ट्रकों को इम्पाउंड किया गया, जो खनन निर्माण सामग्री से ओवरलोड भरे हुए थे। सभी वाहनों पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

क्या कहते हैं ट्रैफिक थाना प्रभारी मनोज कुमार: ट्रैफिक थाना प्रभारी मनोज कुमार का कहना है कि नूंह जिले में ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि जिले में ओवरलोडिंग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोई भी ओवरलोड वाहन सड़क पर चलता हुआ दिखाई दिया तो उसे इम्पाउंड कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

क्या कहते हैं एसपी डॉ. अर्पित जैन: जिले के पुलिस कप्तान डॉ. अर्पित जैन का कहना है कि नूंह जिले में अपराध और अपराधियों को लेकर नूंह पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। वहीं ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस को सख्त निर्देश दिए गए हैं। जिले में अवैध माइनिंग और ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और आगे भी ऐसे वाहनों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की है कि वह अपने वाहनों को यातायात नियमों का पालन करते हुए चलाएं और ओवरलोडिंग न करें, ताकि किसी अनहोनी का सामना न करना पड़े।

मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिले विधायक मो. इलियास, विकास कार्यों पर हुई चर्चा

पुनहाना की घोषणाओं को जल्द अमली जामा पहनाने की मांग, सीएम ने दिया भरोसा

ओपन सर्च/आस मोहम्मद



नूंह। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से पुनहाना विधायक चौधरी मोहम्मद इलियास ने मुलाकात कर मेवात में हो रहे विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। इतना ही नहीं विधायक मोहम्मद इलियास ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पुनहाना विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी अन्य मांगों का भी मांग पत्र सौंपा। विधायक मोहम्मद इलियास ने मुख्यमंत्री के सामने पुनहाना विधानसभा में मुख्यमंत्री द्वारा की गई विकास कार्यों की घोषणाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की और उन्हें जल्द से जल्द अमली जामा पहनाने की मांग रखी। आपको बता दें कि इस दौरान विधायक चौधरी मोहम्मद इलियास अपने साथ तस्लीम एडवोकेट और इनू काटपुरी को साथ लेकर सीएम नायब सिंह सैनी से मिले और मेवात के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

सीएम का आश्वासन : सभी मांगें जल्द होंगी पूरी

मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधायक मोहम्मद इलियास को आश्वासन दिया कि उनके द्वारा रखी गई सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करवाने का काम किया जाएगा। साथ ही पुनहाना विधानसभा में रुक हुए विकास कार्यों को जल्द से जल्द गति देने का काम किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुनहाना क्षेत्र में इतने विकास कार्य किए जाएंगे कि अभी तक किसी ने सोचा भी नहीं होगा और विधायक की सभी मांगों को मंजूर करते हुए उनको जल्द पूरा करवाया जाएगा।

आपको बता दें कि इससे पहले विधायक मोहम्मद इलियास के पुत्र और भाजपा नेता चौधरी जावेद खान एडवोकेट ने पुनहाना में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की रिकॉर्डतोड़ भीड़ जुटाकर रैली करवाई थी। जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने करोड़ों रुपए की घोषणाएं कर विकास की गति को बढ़ाने का काम किया था। रैली के दौरान मुख्यमंत्री ने जावेद खान द्वारा रखी गई सभी मांगों को मंजूर करते हुए मंच से ही घोषणा की थी, जिस पर काम शुरू हो गया है और जल्द ही पुनहाना विधानसभा क्षेत्र की सभी मांगें पूरी हो जाएंगी।

इस दौरान तस्लीम एडवोकेट ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हमेशा मेवात का सम्मान किया है। मुलाकात के दौरान भी मुख्यमंत्री सैनी ने मेवात का हाल-चाल जानते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया और कहा कि मेवात क्षेत्र को विकास के मामले में पीछे नहीं रहने दिया जाएगा।

मदरसा उबई बिन काब से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान का शुभारंभ

नूंह जिले में 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 7,09,777 बच्चों एवं किशोरों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल की गोली

ओपन सर्च/आस मोहम्मद



नूंह। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर वीरवार को नूंह जिले में कृमि मुक्ति अभियान का शुभारंभ घासेड़ा स्थित मौलाना शेर मोहम्मद के मदरसा उबई बिन काब से किया गया। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के उप निदेशक डॉ. अमनदीप सिंह ने अभियान की शुरुआत करते हुए बच्चों को कृमि नियंत्रण की दवा एल्बेंडाजोल खिलाने के महत्व के बारे में जानकारी दी।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के उप निदेशक डॉ. अमनदीप सिंह ने बताया कि भारत सरकार एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हरियाणा के दिशा-निर्देशानुसार जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को कृमि मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही 20 से 24 वर्ष आयु वर्ग की गैर-गर्भवती एवं गैर-स्तनपान कराने वाली महिलाओं को भी कृमि नियंत्रण की दवा दी जाएगी। यह दवा सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों तथा आंगनवाड़ी केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। अभियान के दौरान दवा लेने से वंचित रहने वाले लाभार्थियों को 19 नवंबर 2026 को आयोजित होने वाले मॉप-अप दिवस पर दवा खिलाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि जिले में 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के कुल 7,09,777 बच्चों एवं किशोरों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें 1 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 1,96,199 तथा 6 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 5,13,578 बच्चे एवं किशोर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 20 से 24 वर्ष आयु वर्ग की 41,007 महिलाओं को भी दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि निर्धारित आयु वर्ग के अनुसार दवा की खुराक दी जाएगी। 1 से 2 वर्ष आयु के बच्चों को एल्बेंडाजोल की आधी गोली पानी में घोलकर, जबकि 3 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों एवं किशोरों को एक पूरी गोली खिलाई जाएगी। वहीं, 20 से 24 वर्ष आयु वर्ग की गैर-गर्भवती एवं गैर-स्तनपान कराने वाली महिलाओं को भी एक गोली दी जाएगी।

डॉ. अमनदीप सिंह ने बताया कि अभियान के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों, सरकारी एवं निजी स्कूलों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक कॉलेजों, मदरसों, झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों तथा औद्योगिक क्षेत्रों में विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी दवा लेने से वंचित न रहे। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा दवा वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों के पेट में कृमि होने से उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास तथा पोषण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। एल्बेंडाजोल की दवा कृमि संक्रमण से बचाव एवं नियंत्रण में सहायक है। इसलिए अभिभावकों एवं शिक्षकों को चाहिए कि वे स्वास्थ्य विभाग की टीमों का सहयोग करें और निर्धारित आयु वर्ग के सभी बच्चों को दवा अवश्य खिलवाएं। इस अवसर पर उप सिविल सर्जन आरबीएसके एवं आरकेएसके डॉ. रजनीकांत, जिला किशोर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहम्मद आफताब, आरकेएसके मैनेजर फरहान खान, डीईआईसी आरबीएसके के मनोवैज्ञानिक इशतखारुल हसन, आरकेएसके काउंसलर तफज्जुल तथा सीएचसी नूंह के आरकेएसके काउंसलर अकरम सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक होना जरूरी : सीजेएम नेहा गुप्ता

लीगल सर्विस डे पर एडीआर सेंटर में आयोजित हुआ जागरूकता शिविर, आशा वर्कर्स और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दी कानूनी सहायता की जानकारी

ओपन सर्च/आस मोहम्मद



नूंह। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) नूंह की ओर से लीगल सर्विस डे के अवसर पर नूंह स्थित एडीआर सेंटर में विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नेहा गुप्ता ने मुख्य रूप से शिरकत की। शिविर में आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, पैरा लीगल वॉलंटियर्स (पीएलवी) और पैनल अधिवक्ताओं ने भाग लिया।

सीजेएम नेहा गुप्ता ने उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों तथा सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जाने वाली निशुल्क कानूनी सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना बेहद जरूरी है। जागरूकता के अभाव में कई बार महिलाएं घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, भेदभाव और अन्य प्रकार के शोषण का सामना करने के बावजूद कानूनी सहायता लेने से वंचित रह जाती हैं। कानून प्रत्येक महिला को सम्मान, सुरक्षा और समानता के साथ जीवन जीने का अधिकार प्रदान करता है। इसलिए महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहते हुए अन्याय के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने आशा वर्कर्स और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने कार्यक्षेत्र में महिलाओं और जरूरतमंद परिवारों को उनके कानूनी अधिकारों तथा सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करें। ग्रामीण क्षेत्रों में इन कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है और वे समाज के जरूरतमंद वर्गों तक कानूनी सहायता संबंधी जानकारी पहुंचाने में प्रभावी माध्यम बन सकती हैं। शिविर के दौरान घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण, बाल विवाह की रोकथाम, महिला सुरक्षा, समान अधिकार तथा निशुल्क कानूनी सहायता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। सीजेएम ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर और अन्य पात्र व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें किसी प्रकार की कानूनी फीस देने की आवश्यकता नहीं होती।

उन्होंने बताया कि लीगल सर्विस डे के अवसर पर जिले के विभिन्न कानूनी सहायता केंद्रों और विद्यालयों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, ताकि आमजन को उनके कानूनी अधिकारों और उपलब्ध विधिक सेवाओं के प्रति जागरूक किया जा सके।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना तथा जरूरतमंद लोगों तक निशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी पहुंचाना रहा।

मोबाइल जल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला को उपायुक्त अखिल पिलानी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

दूषित पेयजल की आशंका वाले क्षेत्रों को दी जाएगी प्राथमिकता, मौके पर ही होगी पानी की गुणवत्ता की जांच

ओपन सर्च/आस मोहम्मद



नूंह। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा जल स्रोतों में संभावित दूषित तत्वों की पहचान करने के उद्देश्य से उपायुक्त अखिल पिलानी ने वीरवार को लघु सचिवालय परिसर से मोबाइल जल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला की वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मोबाइल प्रयोगशाला के माध्यम से जिले के विभिन्न गांवों में जाकर पेयजल के नमूनों की जांच की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल प्रत्येक नागरिक की बुनियादी आवश्यकता है। इसलिए पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच करना बेहद जरूरी है। मोबाइल जल परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के नमूनों की जांच की जाएगी, ताकि पानी में किसी प्रकार के दूषित तत्व पाए जाने पर समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें। विशेष रूप से उन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी, जहां पेयजल स्रोतों के दूषित होने की आशंका है अथवा पहले से पानी में दूषित तत्व पाए गए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मोबाइल प्रयोगशाला के भ्रमण का गांववार कार्यक्रम तैयार किया जाए। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रतिदिन एक ही मार्ग पर पड़ने वाले 5 से 6 गांवों में जाकर पानी के नमूने एकत्रित किए जाएं तथा उनकी जांच सुनिश्चित की जाए। इस दौरान संबंधित उपमंडल अभियंता, रसायनज्ञ और जिला सलाहकार के समन्वय से कार्य किया जाएगा। खंड संसाधन समन्वयक भी प्रयोगशाला के साथ गांवों का दौरा करेंगे तथा लोगों को स्वच्छ पेयजल के प्रति जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि मोबाइल प्रयोगशाला के माध्यम से ग्रामीणों को पेयजल की गुणवत्ता के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ दूषित पानी से होने वाली बीमारियों की रोकथाम में भी मदद मिलेगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जांच के दौरान प्राप्त परिणामों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाए और लोगों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए विभागीय स्तर पर प्रभावी कदम उठाए जाएं।

मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज, पल्ला के छात्रों द्वारा अनशन व धरना समाप्त : उपायुक्त

उपायुक्त अखिल पिलानी ने अनशन पर बैठे दोनों छात्रों को पानी पिलाकर अनशन तुड़वाया तथा धरना प्रदर्शन समाप्त कराया

ओपन सर्च/आस मोहम्मद



नूंह। मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज, पल्ला में अपनी मांगों को लेकर कॉलेज के छात्रों व स्टाफ द्वारा दिए जा रहे धरना प्रदर्शन बुधवार शाम को उस समय समाप्त हो गया था, जब उपायुक्त अखिल पिलानी ने मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज पल्ला में पहुंचकर अनशन पर बैठे छात्रों को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया तथा सभी छात्रों व स्टाफ को मिठाई खिलाकर धरना प्रदर्शन समाप्त कराया। अपनी मांगें पूरी होने पर कॉलेज के सभी छात्रों ने ख़ुशी मनाई और कॉलेज के स्टाफ ने भी आशा और उम्मीद जताई कि उनकी मांगें भी जल्द पूरी होंगी। बृहस्पतिवार से मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज में कक्षाएं शुरू हो गई हैं तथा कॉलेज के हालात सामान्य हैं।

उपायुक्त अखिल पिलानी ने लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान ना दें। मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों की मांगों को पूरा करने के लिए हरियाणा व[illegible]र्ड व जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

नगर निगम क्षेत्र में सड़कों को धूलमुक्त बनाने के लिए सख्त निर्देश

ओपन सर्च/नरेश शर्मा



मानेसर। नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार ने गुरुवार को नगर निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था की समीक्षा के लिए स्वच्छता शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में वायु प्रदूषण को कम करने और सड़कों पर जमा धूल को रोकने के लिए सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए। संयुक्त आयुक्त ने कहा कि सीएक्यूएम (वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग) के निर्देशों के अनुपालन में निगम क्षेत्र की सभी सड़कों को धूलमुक्त बनाना सुनिश्चित किया जाएगा।

संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार ने बैठक में कहा कि सड़कों, फुटपाथों, मेडियन, सड़क किनारों और खुले क्षेत्रों से जमा धूल, मलबा, सिल्ट तथा अवशेष सामग्री को समय पर हटाया जाए। इसके लिए मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीनों, वैक्यूम-आधारित सफाई, वाटर स्प्रिंकलर और एंटी-स्मॉग गन का प्रभावी उपयोग किया जाएगा। सीएक्यूएम के दिशा-निर्देशों में भी नियमित मैकेनाइज्ड स्वीपिंग, पानी का छिड़काव और एकत्र धूल का वैज्ञानिक निस्तारण शामिल है।

अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारी यातायात वाले मार्गों, प्रदूषण हॉटस्पॉट और संकरे चौराहों पर विशेष ध्यान दिया जाए। ऐसे स्थानों पर यातायात के व्यस्त समय से पहले पानी छिड़काव और डस्ट सप्रेसेंट का प्रयोग किया जाए, ताकि वाहनों के चलने से धूल दोबारा हवा में न उड़े

संयुक्त आयुक्त ने स्वच्छता शाखा के अधिकारियों से कहा कि वे नियमित फील्ड निरीक्षण करें और सफाई में किसी भी कमी पर तुरंत कार्रवाई करें। सड़कों पर गड्ढे, टूटे हुए हिस्से और अनियमित मलबे को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए गए, क्योंकि इनसे धूल उत्पन्न होने का खतरा बढ़ता है। सीएक्यूएम ने भी सड़कों को गड्ढामुक्त रखने, किनारों को पक्का या हरा-भरा बनाने और मेडियनों में हरियाली बढ़ाने पर जोर दिया है।

बैठक में यह भी कहा गया कि मैकेनाइज्ड सफाई से निकली धूल को खुले में नहीं छोड़ा जाएगा। उसे निर्धारित स्थलों या लैंडफिल पर ही वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित किया जाएगा, ताकि वह फिर से वायु में मिलकर प्रदूषण न बढ़ाए।

संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार ने कहा कि सफाई केवल औपचारिकता नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसका सीधा असर नागरिकों के स्वास्थ्य और वायु गुणवत्ता पर पड़ता है। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि सुबह और रात के समय गहन सफाई अभियान चलाए जाएं तथा प्रत्येक वार्ड में धूल जमा होने वाले स्थानों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता पर साफ किया जाए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विजय कुमार व सम्पादक सतबीर भारद्वाज द्वारा ए.जी.एस. पब्लिकेशन्स एफ-23,सेक्टर-6, नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित, गांव- बाबुपुर गुरुग्राम, हरियाणा- 122006 से प्रकाशित। सम्पादक : सतबीर भारद्वाज
RNI No. HARHIN/2023/86132 अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबाइल : 9210092542, 9312643452
E-mail : opensearchnews@gmail.com

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने जताया आभार, बोलीं- करनाल की सामूहिक मेहनत और एकता का प्रतीक है राष्ट्रपति सम्मान

ओपन सर्च/प्रदीप मैहता



करनाल। स्वच्छ सर्वेक्षण में हरियाणा का प्रथम स्वच्छ शहर बनने और राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के हाथों प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त करने पर महापौर रेणु बाला गुप्ता का समस्त पार्षदों, अधिकारियों-कर्मचारियों, सफाई मित्रों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इस उपलब्धि पर सभी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महापौर को शुभकामनाएं दीं। साथ ही भविष्य में भी करनाल को स्वच्छता एवं विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प दोहराया। वीरवार को नगर निगम स्थित अपने कार्यालय में अनवरत स्वागत एवं अभिनंदन से अभिभूत महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि वस्तुत: यह सम्मान किसी एक व्यक्ति या संस्था का नहीं, बल्कि पूरे करनाल शहर की सामूहिक मेहनत, एकता और जनभागीदारी का प्रतीक है। हर नागरिक, सफाई मित्र, जनप्रतिनिधि और नगर निगम की पूरी टीम इस गौरवपूर्ण उपलब्धि की भागीदार है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में हरियाणा का प्रथम स्वच्छ शहर बनने से करनाल का मान-सम्मान राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है। यह पूरे शहर के लिए भावुक और गौरवपूर्ण क्षण है। महापौर ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत के संकल्प ने स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप दिया है। केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल के कुशल मार्गदर्शन, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल तथा करनाल के विधायक जगमोहन आनंद के निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन के लिए उन्होंने हृदय से आभार व्यक्त किया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू की गरिमामयी उपस्थिति को भी उन्होंने प्रेरणादायी बताया। इसी क्रम में उन्होंने विशेष रूप से सफाई मित्रों को इस उपलब्धि का असली नायक बताते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी उनका परिश्रम, समर्पण और जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता शहर की स्वच्छता व्यवस्था की मजबूत नींव है। महापौर ने सभी सम्मानित पार्षदों, नगर निगम आयुक्त एवं अधिकारियों, कर्मचारियों और स्टाफ सदस्यों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, प्रबुद्ध नागरिकों तथा समस्त शहरवासियों का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सभी के विश्वास, सहयोग और सक्रिय सहभागिता से ही यह उपलब्धि संभव हो पाई है। अगली स्वच्छता प्रतिस्पर्धा में और बेहतर प्रदर्शन का आहान करते हुए महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि यह सम्मान खुशी के साथ-साथ हमारी जिम्मेदारी भी बढ़ाता है। ये यात्रा यहां समाप्त नहीं होती, बल्कि अब लक्ष्य है कि आने वाली स्वच्छता प्रतिस्पर्धा में करनाल इससे भी बेहतर स्थान हासिल करे। इसके लिए स्वच्छता व्यवस्था को और प्रभावी बनाने, कचरे के उचित प्रबंधन, सार्वजनिक स्थलों की सफाई, पर्यावरण संरक्षण और नागरिकों की भागीदारी को लगातार मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दैनिक दायित्व है। सभी लोग गीले और सूखे कचरे को अलग रखें।

स्मार्ट सिटी की परियोजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित,परियोजनाओं को दिसंबर के अंत तक कराएं पूरा : डॉ. आनंद

ओपन सर्च/प्रदीप मैहता



करनाल। करनाल स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक आज स्मार्ट सिटी कार्यालय में आयोजित की गई। इसमें स्मार्ट सिटी की विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने नगर निगम, एचएसवीपी और यूएचबीवीएन के अधिकारियों को इन परियोजनाओं को दिसंबर के अंत तक पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने कर्ण स्टेडियम के फेज-एक और दो के कार्य को दिसंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए। फेज एक के तहत 24.84 करोड़ की लागत से कर्ण स्टेडियम में खेल गतिविधियों का पुनर्विकास किया जाना है। इसके तहत लड़कों और लड़कियों के लिए होस्टल, प्रशासनिक ब्लॉक, क्लाइंबिंग वॉल, मंच और बहुउद्देश्यीय भवन का निर्माण शामिल है। फेज-दो के तहत विभिन्न खेलों के लिए बहुउद्देश्यीय भवन बनाया जाना है। डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने ओल्ड अनाज मंडी में 30 करोड़ 80 लाख की लागत से कमर्शियल स्पेस, रिकंस्ट्रक्शन एंड मोडिफिकेशन स्टॉर्म वाटर (22 करोड़ 82 लाख), कंस्ट्रक्शन ऑफ़ स्ट्रेंथिंग वेरियस रोड्स एंड डिफरेंट लोकेशंस इन करनाल (22 करोड़ 48 लाख), डेवलपमेंट ऑफ़ ऑल मेजर रोड (25 करोड़) प्रोविजनिंग एलिवेशन वर्क फ्रॉम द रोड फ्रॉम पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस टू ऑल बस स्टैंड इंक्लूडिंग ऑल क्रॉस रोड्स फ्रॉम डरी बाउंड्री वॉल तो रेलवे रोड (5 करो 4 लाख) विटामिन कंक्रीट ऑन मेरठ रोड तो उधम सिंह चौक वाया कम्युनिटी सेंटर्स सेक्टर 9 मार्केट एरिया (16 करोड़), कंस्ट्रक्शन आफ एलिवेटेड रोड अलांग रेलवे रोड और बस स्टैंड रोड ऑन ईपीसी मोड (1 करोड़ 28 लाख), कंस्ट्रक्शन का एक्जिस्टिंग ओवरहेड 11 के एंड आईटी इलेक्ट्रिक लाइंस टू ट्रांसलेट अंडरग्राउंड 11 के और एलटी केबल सिस्टम एंड इंस्टॉलेशन का कंपैक्ट सबस्टेशन (36 करोड़) के कार्यों की समीक्षा की। उपायुक्त ने नगर निगम, एचएसवीपी और यूएचबीवीएन के अधिकारियों को इन परियोजनाओं को दिसंबर के अंत तक पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में स्मार्ट सिटी के जीएम रामफल, (अभियांत्रिकी एवं तकनीकी) के कार्यकारी अभियंता प्रियंका सोनी, नगर निगम, यूएचबीवीएन तथा एचएसवीपी के अधिकारियों सहित निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

पुरखास राठी को मिली विकास कार्यों की बड़ी सौगात, तालाब का सौंदर्यीकरण और इंडोर जिम ग्रामीणों को समर्पित

ओपन सर्च/मनदीप कुमार



गन्नौर। गांवों में विकास को गति देते हुए विधायक देवेंद्र कादियान ने पुरखास राठी गांव में करीब 1.22 करोड़ रुपये की लागत से कराए गए आठ विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस दौरान ग्रामीणों ने फूलमालाओं से विधायक का स्वागत किया। विकास कार्यों में तालाब का सौंदर्यीकरण, इंडोर जिम, पक्की गलियां, खेतों के रास्ते और स्वागत द्वार सहित अन्य कार्य शामिल हैं। गांव की राठी चौपाल में 3 लाख रुपये की लागत से तैयार इंडोर जिम का उद्घाटन किया गया। वहीं, दादा गाजी मर्द वाले तालाब का 35 लाख रुपये की लागत से सौंदर्यीकरण कराया गया है। तालाब तक जाने वाले रास्ते को पक्का करने, चारों ओर ग्रिल लगाने और पौधरोपण के साथ बीच में भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित की गई है। इसके अलावा सुखबीर के खेत से राजेंद्र के खेत तक 22 लाख रुपये तथा रणबीर के खेत से धर्मपाल के खेत तक 13 लाख रुपये की लागत से तैयार पक्के रास्तों का उद्घाटन किया गया। नरेश के घर से डबरपुर मोड़ तक 13 लाख रुपये की लागत से बनी कश्यप वाली गली और दिलबाग चंदगी के घर से राठी दरवाजे तक 12 लाख रुपये की लागत से बनी गली भी ग्रामीणों को समर्पित की गई। वहीं, ग्यासरसी वाले तालाब के पास 12 लाख रुपये की लागत से बनने वाले स्वागत द्वार का शिलान्यास किया गया तथा 10 लाख रुपये की लागत से तैयार फर्श का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर गाजी मर्द खेल ग्राउंड में विधायक कादियान ने 21 कबड्डी खिलाड़ियों को खेल किट भी वितरित की। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि गांवों में विकास का उद्देश्य केवल बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि ग्रामीणों को बेहतर जीवन सुविधाएं देना भी है। खेतों तक पक्के रास्ते बनने से किसानों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, वहीं इंडोर जिम जैसी सुविधाओं से युवाओं को गांव में ही व्यायाम करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरत के अनुसार विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा और लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष विभिन्न समस्याएं भी रखीं। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को फोन कर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।

सीवर सक्शन मशीन से वार्ड-10 में सफाई अभियान तेज, जाम सीवर और खुली नालियों की समस्या दूर करने में जुटे पार्षद

ओपन सर्च/मनदीप कुमार



समालखा। नगर परिषद के वार्ड-10 में जाम सीवर और खुली नालियों की समस्या से लोगों को राहत दिलाने के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सीवर सक्शन मशीन और सीवर खोलने वाली मशीन की मदद से नालियों व सीवर लाइनों की सफाई कराई जा रही है। वार्ड पार्षद मनीष बेनीवाल स्वयं मौके पर पहुंचकर सफाई कार्य की निगरानी कर रहे हैं और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं। सफाई अभियान के दौरान मशीनों की सहायता से नालियों में जमा गंदगी और सीवर में फंसे मलबे को निकाला गया, ताकि जल निकासी व्यवस्था सुचारु हो सके। पार्षद ने सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिए कि नालियों और सीवर लाइनों को पूरी तरह साफ किया जाए, ताकि भविष्य में जलभराव और गंदगी की समस्या पैदा न हो। स्थानीय लोगों के अनुसार, नालियों में लंबे समय से गंदगी जमा होने के कारण बदबू और मच्छरों की समस्या बनी हुई थी। ऐसे में सफाई अभियान शुरू होने से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। पार्षद मनीष बेनीवाल ने कहा कि वार्ड में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता है। 'मेरा वार्ड, मेरा परिवार' की भावना के साथ वार्डवासियों को स्वच्छ वातावरण और बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हलका विधायक मनमोहन भड़ाना के दिशा-निर्देशों के अनुसार वार्ड में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। आगे भी सफाई के साथ सीवर, नालियों और अन्य मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सफाई अभियान को निरंतर जारी रखा जाएगा, ताकि वार्ड में स्वच्छता बनी रहे और नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

पराली जलाने पर करनाल में 10 किसानों के खिलाफ FIR, जुर्माना और रेड एंट्री दर्ज

ओपन सर्च/प्रदीप मैहता



करनाल। धान की फसल के अवशेष जलाने वाले किसानों के खिलाफ जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने सख्त निर्देश देते हुए चेतावनी दी है कि फसल अवशेषों में आग लगाने वाले किसानों के खिलाफ नियमानुसार FIR, जुर्माना और मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रेड एंट्री की कार्रवाई की जाएगी। आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए जिला, खंड/तहसील एवं गांव स्तर पर कमेटियों और एनफोर्समेंट टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों में लगभग 683 अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो लगातार निगरानी रखने के साथ नियमानुसार कार्रवाई कर रहे हैं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक श्री जसविन्द्र सिंह ने बताया कि जिला करनाल में अब तक पराली जलाने के 22 मामले हरसेक हरियाणा से प्राप्त हुए हैं। इनमें से 10 किसानों के खिलाफ FIR दर्ज करवाई गई है। साथ ही सभी 10 किसानों से नियमानुसार जुर्माना वसूलने के साथ मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रेड एंट्री भी दर्ज की गई है। इसके चलते संबंधित किसान अगले दो साल तक अपनी फसल MSP पर नहीं बेच सकेंगे। उन्होंने बताया कि नियमानुसार 2 एकड़ से कम भूमि पर पराली जलाने पर प्रति घटना 5,000 रुपये, 2 से 5 एकड़ तक 10,000 रुपये तथा 5 एकड़ से अधिक भूमि पर 30,000 रुपये जुर्माने का प्रावधान है। ये मामले घरौंडा, नीलोखेड़ी, असंध और निसिंग खंड से संबंधित हैं। वहीं करनाल और इंद्री खंड में अभी तक पराली जलाने का कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। उपनिदेशक ने बताया कि पराली जलाने के मामलों में संबंधित किसानों के खिलाफ वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 39 तथा भारतीय न्याय संहिता (BNS), 2023 की धारा 223 के तहत संबंधित थानों में FIR दर्ज करवाई गई है।

लंबित मामलों का शीघ्र निपटान करें राजस्व अधिकारी, लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त: डॉ. आनंद कुमार शर्मा

डीसी ने राजस्व अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक; निशानदेही, जमाबंदी, इंतकाल केसों के कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

ओपन सर्च/प्रदीप मैहता



करनाल। डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ निशानदेही, जमाबंदी, इंतकाल मामलों के निपटान को लेकर समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्व विभाग से जुड़े कार्य सीधे आम जनता के हितों से जुड़े हैं, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में उन्होंने अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों की सराहना करी। डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निशानदेही, जमाबंदी, इंतकाल से संबंधित जितने भी मामलें लंबित हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर 10 दिनों के भीतर पूरा करें। उन्होंने कहा कि आमजन को अपने कार्यों के लिए परेशान न होना पड़े, इसके लिए सभी अधिकारी पूरी जवाबदेही के साथ कार्य करें। यदि कोई अधिकारी इस संबंध में लापरवाही बरतता है, तो उसके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने इंतकाल के मामलों का निपटारा करने का लक्ष्य देते हुए कहा कि अगली बैठक से पहले इंतकाल मामलों का पूर्ण रूप से निपटारा करें। इसी प्रकार से निशानदेही के मामलों के निपटान के लिए भी 10 दिन के लक्ष्य के साथ प्रत्येक तहसील में 10-10 निशानदेही करवाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर एडीसी डा. राहुल रईया, एसडीएम असंध सुमित सिहाग, एसडीएम नीलोखेड़ी अशोक कुमार, एसडीएम इंद्री डा. रमन गुप्ता, एसडीएम घरौंडा अनुभव मेहता, डीआरओ श्याम लाल सहित सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार मौजूद रहे।

15 नवंबर को आजाद नगर तथा बारना में जमेगी कांग्रेस की चौपाल

ओपन सर्च/प्रदीप मैहता



कुरुक्षेत्र। कांग्रेस द्वारा वोट बचाओ, देश बचाओ कार्यक्रम के तहत आयोजित चौपाल के अंतर्गत 15 नवंबर, रविवार को शाम साढ़े 4 बजे आजाद नगर की 100 फुटा रोड पर कार्यक्रम होगा। इसे रोहतक के सांसद दीपेंद्र हुड्डा संबोधित करेंगे। इससे पूर्व शाम साढ़े 3 बजे गांव बारना में आयोजित चौपाल कार्यक्रम में भी दीपेंद्र हुड्डा शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन जलेश शर्मा के शांति नगर स्थित निवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक की। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई गईं। इस बैठक में पार्षद मनु जैन, पूर्व पार्षद संदीप टेका, पूर्व पार्षद पंकज चोचड़ा, पूर्व पार्षद सोहन चौधरी, कांग्रेस नेता महेश शर्मा गामड़ी, कांग्रेस के शहरी प्रधान विवेक मेहता विक्की, ग्रामीण प्रधान सुनील राणा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट दीपक पराशर, सुभाष पाली, विशाल मौदगिल, अशोक भट्ट, जय नारायण शर्मा, सुनील सैनी, दीपक शर्मा, इशान शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा कि कांग्रेस ने पूरे देश में वोट बचाओ, देश बचाओ कार्यक्रम शुरू किया हुआ है। इसी के तहत गांवों तथा वार्डों में चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने 2024 के चुनाव के बाद आरोप लगाया था कि भाजपा वोट चोरी करके सत्ता में आई है और अब प्रतिदिन नए-नए खुलासे हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने भाजपा की कठपुतली बनकर वोट चोरी करके भाजपा को सत्ता में लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का लोकतंत्र में कोई विश्वास नहीं है। संवैधानिक संस्थाओं को तहस-नहस कर दिया गया है। आज देश का लोकतंत्र खतरे में है। इसे बचाने के लिए कांग्रेस संसद से सड़क तक लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि 15 नवंबर के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जोर-शोर से जुट जाएं।

युवा कांग्रेस के जिला प्रधान कुलदीप ढिल्लो हथीरा ने भी संभाली कमान

15 नवंबर को आजाद नगर और गांव बारना में आयोजित चौपाल कार्यक्रमों की सफलता के लिए युवा कांग्रेस के जिला प्रधान कुलदीप ढिल्लो हथीरा अपनी टीम के साथ जुट गए हैं। जिला प्रधान कुलदीप ढिल्लो घर-घर जाकर लोगों को इस कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दे रहे हैं।

श्री महावीर श्याम सुंदर मंदिर में 5 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 24 नवंबर से



ओपन सर्च/प्रदीप मैहताा

तरावड़ी। डेरी मोहल्ला स्थित प्राचीन श्री महावीर श्याम सुंदर मंदिर में आगामी 24 से 28 नवंबर तक भव्य पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान को काशी से आए विद्वान आचार्यों द्वारा पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न करवाया जाएगा। मंदिर के पुजारी पंडित गौरव शर्मा एवं पंडित योगेश शर्मा ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव के दौरान प्रतिदिन विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। मुख्य कार्यक्रमों की श्रृंखला में 27 नवंबर को नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात 28 नवंबर को शुभ मुहूर्त में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, हवन-यज्ञ की पूर्णाहुति और विशाल भंडारे का आयोजन होगा। पंडित गौरव शर्मा व पंडित योगेश शर्मा ने समस्त क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं से सादर अनुरोध किया है कि वे सपरिवार इस पावन अवसर पर पहुंचकर धर्मलाभ उठाएं और भंडारे का प्रसाद ग्रहण करें।

उपायुक्त आनंद कुमार शर्मा के मार्ग दर्शन में एक रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन



ओपन सर्च/प्रदीप मैहता

करनाल। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में वीरवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। यह शिविर थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के लिए आज रेड क्रॉस कार्यालय के प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें दोपहर 1:00 बजे तक 30 रक्तदाताओं ने रक्तदान करने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया। कुलबीर मलिक ने रक्तदान के लिए आए सभी युवाओं को ज़्यादा से ज़्यादा रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया और सभी रक्तदाताओं को बेज लगाकर और प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित करने का काम किया। उन्होंने बताया कि कार्यवाहक जिला प्रशिक्षण अधिकारी राजपाल चौधरी के पुत्र टीशन चौधरी ने दूसरी बार और बेटी अनु चौधरी ने पाँचवी बार रक्तदान कर हमारी बेटियों को भी रक्तदान के प्रति प्रेरित करने का काम किया और रेडक्रॉस फर्स्ट ऐड लेक्चरर नरेश पाल ने चौथी बार रक्तदान किया। डॉ संजय वर्मा के नेतृत्व में ब्लड बैंक, नागरिक अस्पताल, की टीम ने रक्त एकत्रित किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस कार्यालय से प्रदीप कुमार नंदा लेखा लिपिक, परमिला प्रोजेक्ट मैनेजर, सपना पाल, लेखाकार, दर्शना काउंसलर, रीना कॉर्डिनेटर उपस्थित रहे।

कर्मयोगी" बनकर कार्य करें अधिकारी - कर्मचारी : डॉ. चौहान

ओपन सर्च/प्रदीप मैहता



नीलोखेड़ी। अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन केवल औपचारिकता समझकर न करें, बल्कि कर्मयोगी की भावना के साथ पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी से कार्य करें। सरकारी योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा हो सकता है, जब उनके क्रियान्वयन से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी जनहित को सर्वोपरि रखते हुए अपनी भूमिका निभाएं। यह बात हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान, नीलोखेड़ी के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कही। वे संस्थान में वीबी राम जी के अंतर्गत अनुमत कार्यों पर आयोजित दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। डॉ. चौहान ने कहा कि वीबी राम जी के अंतर्गत अनुमत कार्यों की सही एवं विस्तृत जानकारी होना प्रत्येक संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के लिए आवश्यक है। योजना के दिशा-निर्देशों, कार्यों की पात्रता, प्रक्रिया एवं तकनीकी पहलुओं को समझकर ही इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यक्षमता, समझ और निर्णय लेने की क्षमता को बेहतर बनाना भी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी को अपने कार्यक्षेत्र में व्यवहारिक रूप से लागू करने का आह्वान किया।

दान देने से कम नहीं होता बल्कि बढ़ता है : विधायक तेजपाल सिंह तंवर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता
उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना हलका से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने गांव सांपकीनंगली स्थित श्री सत्य सनातन गौशाला को आर्थिक सहयोग के रूप में 2 लाख 63 हजार 757 का चेक देकर भविष्य में भी यथा संभव सहयोग का भरोसा दिया। इस अवसर पर अपने सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने अपने गौप्रेम भाव को प्रदर्शित करते हुए कहा कि आज वह जो कुछ भी है, यह गौमाता का आशीर्वाद है। दान देने से कम नही होता बल्कि बढ़ता है। उन्होने समाज के धनाढय लोगों



से आग्रह किया कि वह भी गौसेवा जैसे पुनीत कार्यों में आगे आए। गौभक्तों, गौशालाओं को तन-मन-धन से सहयोग करे क्योंकि गौ माता में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास बताया गया है। विधायक चौधरी तेजपाल तंवर ने कहा कि समाज में किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके पद अथवा रंग-रूप से नहीं बल्कि कर्मों से होती है। उन्होंने समाज के प्रत्येक व्यक्ति से पार्टीबाजी और जातपात जैसे संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर सामाजिक व रचनात्मक कार्यों में आगे आने जरूरतमंदों व दीन-दुखियों की सेवा में अग्रणी रहने और अपनी नेक कमाई में से अवश्य कुछ अंश धर्माथ कार्यों में लगाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि पुण्य कमाई में से किया गया दान का सौ गुणा ज्यादा लाभ प्राप्त होता है। विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने बताया कि भाजपा राज में हरियाणा में पहली बार जहां गौसंवर्धन के लिए हरियाणा गौसेवा आयोग का गठन हुआ, वही हरियाणा गौसेवा आयोग में पंजीकृत गौशालाओं में पल रहे गौधन को चारा उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है और उसी श्रंखला में यह चेक इस गौशाला को दिया गया है। इस मौके पर गौशाला प्रबंधन समिति की तरफ से मुकेश शर्मा एडवोकेट, सोहना गौरक्षादल के संयोजक उमेश अग्रवाल, निशांत यादव रायसीना, परम गौभक्त अजय जांगडा, मनोज कुमार बारोटा के साथ-साथ कर्मबीर अंबावता, सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया, व्यापारी नेता जितेन्द्र मित्तल सोनू, भाजपा नेता सुरज्ञान सिंह, भाजपा नेता महेन्द्र डागर जखोपुर आदि प्रमुख लोग भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

सोहना के गांव सरमथला व टीकली में जल्द बनेंगे खेलस्टेडियम : चेयरमैन दयाराम लोहिया



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना मार्किटकमेटी चेयरमैन व भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता चौधरी दयाराम लोहिया ने बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहरलाल खटटर की वर्ष-2022 की घोषणाओं के तहत सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव सरमथला और टीकली में जल्द ही खेलस्टेडियमों का निर्माण होगा। अहम बात यह है इन दोनों गांवों में बनने वाले खेलस्टेडियमों के निर्माण खर्च का ब्यौरा तैयार करने और लागत का आकलन कराने के लिए जिम्मेदारी अब खेल विभाग की तरफ से हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड को सौंपी गई है। उन्होने बताया कि गांव सरमथला और टीकली में सात-सात एकड़ भूमि पर खेलस्टेडियम बनने है। उन्होने बताया कि गांव वजीराबाद में खेलस्टेडियम का निर्माण कार्य कई वर्षों से चल रहा है और जिला मुख्यालय गुरूग्राम स्थित नेहरू स्टेडियम में 100 खिलाडिय़ों के लिए खेल हॉस्टल भी जल्दी बनेगा। स्थानीय मार्किटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया ने बताया कि अच्छी बात यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न गांवों में खेलस्टेडियम बनाए जाने की घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने पर विशेष फोकस कर रही है। हेलीमंडी में भी 7 एकड़ भूमि में खेलस्टेडियम निर्माण का चल रहा कार्य लगभग पूरा हो गया है। गांव फाजिलपुरबादली व नवादाफतेहपुर, पटौदी, मानेसर और गांव कासन में भी खेलस्टेडियम बनाए जाने वाली पूर्व में की गई घोषणाएं जल्द ही सिरे चढ़ेगी।

इंजीनियरिंग कॉलेज का संचालन विश्वविद्यालय के हाथों में देने के लिए आज होगी बैठक : डाक्टर रामवीर गोस्वामी



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना मार्किटकमेटी मैंबर और भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने बताया कि मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज का संचालन विश्वविद्यालय के हाथों में देने के लिए शुक्रवार, 13 नवम्बर को मुख्यमंत्री नायबसिंह सैनी के ओएसडी राजनेहरू की अध्यक्षता में हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक, आईएएस अधिकारी यशपाल सिंह, आईएएस अधिकारी मोहम्मद साईन, आईएएस अधिकारी अखिल पिलानी और विश्वविद्यालय रजिस्ट्रार डाक्टर सुमन वशिष्ठ तथा विश्वविद्यालय के वाइंस चांसलर दिनेश कुमार के साथ सामूहिक बैठक लोकनिर्माण विभाग के विश्रामगृह में आयोजित होगी। भाजपा नेता डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने बताय कि अच्छी बात यह है कि इंजीनियरिंग कॉलेज को हरियाणा वक्फ बोर्ड और विश्वविद्यालय के संयुक्त रूप से चलाए जाने पर इस इंजीनियरिंग कॉलेज में इंजीनियरिंग के साथ=साथ और भी तरह-तरह के विभिन्न कोर्सो की शिक्षा दी जा सकेगी।

लोकतंत्र की मजबूती में हर जागरूक नागरिक डाले अपनी आहूति : रविन्द्र गोयल रब्बन

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय किरयाणा व्यापारी यूनियन के प्रधान रविन्द्र गोयल रब्बन ने हर व्यक्ति से आग्रह किया है कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हर व्यक्ति जागरूक बने और पात्र जो लोग अभी तक मतदाता सूची में अपना नाम शामिल नही करा पाए है, उन्हे जागरूक बनाकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी आहूति डाले। उन्होने बताया कि मतदाता अपने नाम एवं संबंधित विवरण की जांच आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर-1950 अथवा 1800-11-1950 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि भाजपा गुरुग्राम द्वारा बूथ स्तर पर व्यापक जागरूकता एवं सहायता अभियान चलाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया जा रहा है, ताकि जानकारी के अभाव में किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होने से ना रह जाए। स्थानीय किरयाणा व्यापारी यूनियन के प्रधान रविन्द्र गोयल रब्बन ने कहा कि हर व्यक्ति जागरूक बन यह संकल्प ले कि एक भी पात्र मतदाता छूटे नहीं, हर नागरिक का लोकतांत्रिक अधिकार सुरक्षित रहे यही हमारा संकल्प और सामूहिक जिम्मेदारी है।

भाजपा सरकार ने ग्रामीण चौकीदारों को दीवाली पर दिया यादगारी तोहफा : भाजपा नेता योगेश तंवर

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सीएम विंडो एमिनेट पर्सन योगेश तंवर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार द्वारा राज्य में ग्रामीण चौकीदारों का माहवार मानदेय 11 हजार रुपए से बढ़ाकर 15 हजार 221 रुपए माहवार करने के साथ-साथ उन्हे कर्मचारी राज्य बीमा यानी ईएसआई का लाभ देने की की गई घोषणा पर क्षेत्र व प्रदेश के ग्रामीण चौकीदारों की तरफ से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार का आभार जताया है। भाजपा नेता योगेश तंवर ने सरकार के लिए गए इस निर्णय को ग्रामीण चौकीदारों के लिए सरकार की तरफ से दीवाली पर दिया गया यादगारी तोहफा बताया और कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार ने चौकीदारों को वर्दी, साइकिल और अन्य भत्तों में बढ़ोतरी कर चौकीदारों का दिल जीतने का काम किया है।

टोलप्लाजा का संचालन कोपेरटिव सोसायटी बनाकर पूर्व सैनिकों के हाथों में दिया जाए : राजीव यादव



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी और पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव बालूदा ने एनएचएआई से मांग की है कि टोलप्लाजाओं पर वाहन चालकों से होने वाली बदसलूकी पर रोक लगाने के लिए एनएचएआई को चाहिए कि वह सभी स्थानों पर कोप्रेटिव सोसायटी बनाकर टोलप्लाजा संचालन की जिम्मेदारी पूर्व सैनिकों के हाथों में सौंपे। उन्होने कहा कि एनएचएआई यदि टोल चलाने वाली किसी एजेंसी को शिकायत के आधार पर टर्मिनेट कर देता है तो एजेंसी संचालक व मालिक अथवा निर्देशक चालाकी से काम लेते हुए दूसरे नाम से कम्पनी बनाकर शुरू कर देते है। जिस पर रोक लगाना बहुत ही जरूरी है।

टोलप्लाजा पर 14 नवम्बर को नई एजेंसी संभालेगी संचालन : रोहित गर्ग



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग ने बताया कि एनएचएआई ने यात्रियों से दुव्र्यवहार मामले में कड़ा रूख अपनाते हुए ना केवल रिद्धि-सिद्धि इंटरप्राइजेज को 14 नवम्बर तक टोलप्लाजा का संचालन नई एजेंसी को सौंपने के निर्देश दिए है बल्कि यह निर्णय लेकर यह भी स्पष्ट संदेश दिया है कि वाहन चालकों के साथ दुव्र्यवहार व मारपीट जैसी घटनाओं को एनएचएआई किसी भी कीमत पर बिल्कुल बर्दाश्त नही करेगा। अहम बात यह है कि रिद्धि-सिद्धि इंटरप्राइजेज का बिजवासन टोलप्लाजा से जुड़ा यह कोई पहला मामला नही है बल्कि मई-2024 में राजस्थान के अमृतसर-जामनगर हाईवे के सिरमडी टोलप्लाजा पर भी कम्पनी के कर्मचारियों पर वाहन चालकों से मारपीट व दुव्र्यवहार के आरोप लगे थे। स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग ने बताया कि एनएचएआई ने इस एजेंसी को एक महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। प्रतिबंध की अवधि में एजेंसी एनएचएआई की किसी भी चालू या आगामी निविदा प्रक्रिया में हिस्सा नही लेगी।

आज राजा रानी के पेट से नही बल्कि ईवीएम से होता है पैदा : मनोज बजरंगी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता
उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना में व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी ने बताया कि आज राजा रानी के पेट से नही बल्कि ईवीएम से पैदा होता है इसलिए हर व्यक्ति को वोट करने के लिए मतदाता बनकर फोटोयुक्त मतदाता सूची में अपना नाम जरूर दर्ज कराना चाहिए। उन्होंने बताया कि संबंधित मतदाता अपने वर्तमान सामान्य निवास स्थान से जुड़े ईआरओ, एईआरओ अथवा बीएलओ के पास विधिवत भरा हुआ गणना प्रपत्र जमा करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त मतदाता अपने पुराने ईपीआईसी नंबर के माध्यम से निर्वाचन आयोग की वेबसाइट अथवा ईसीआईनेट ऐप से भी गणना प्रपत्र डाउनलोड कर उसे भर सकते हैं। व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी ने बताया कि यदि मतदाता ने अपना निवास स्थान नहीं बदला है, तो वह हस्ताक्षरित गणना प्रपत्र के साथ निर्धारित घोषणा पत्र (अनुलग्नक-बी) जमा करवा सकता है। इसमें पहले गणना प्रपत्र जमा न कर पाने का कारण भी बताना होगा। मतदाता अपने परिवार के किसी सदस्य के माध्यम से भी यह प्रपत्र जमा करवा सकते हैं। इसी प्रकार यदि कोई मतदाता हरियाणा में ही किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित हो गया है, तो उसे फॉर्म-8 जमा करवाने की आवश्यकता नहीं होगी। ऐसे मतदाताओं को नए पते एवं विधानसभा क्षेत्र का विवरण देते हुए गणना प्रपत्र के साथ निर्धारित घोषणा पत्र (अनुलग्नक-सी) और निवास प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। नए मतदान केंद्र के बीएलओ से भी सहायता ली जा सकती है। इसके लिए निर्वाचन आयोग की वेबसाइट एवं ईसीआईनेट ऐप पर उपलब्ध बुक ए कॉल विद बीएलओ सुविधा का उपयोग किया जा सकता है। यदि किसी मतदाता के पास निवास प्रमाण से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं, तो बीएलओ की फील्ड वेरिफिकेशन रिपोर्ट भी पर्याप्त होगी। व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी ने बताया कि जिन मतदाताओं ने एसआईआर के दौरान नए पंजीकरण के लिए पहले ही फॉर्म-6 जमा करवा दिया है, उन्हें दोबारा गणना प्रपत्र एवं घोषणा पत्र जमा करवाने की आवश्यकता नहीं होगी। प्राप्त गणना प्रपत्रों एवं संबंधित घोषणाओं का ईआरओ द्वारा निर्वाचक पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 21(1) के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सत्यापन एवं निस्तारण किया जाएगा। उन्होने बताया कि एसआईआर से संबंधित नोटिस, दावे एवं आपत्तियों तथा फोटो अपडेट करने सहित सभी कार्य 20 नवंबर 2026 तक पूरे किए जाने हैं। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 30 नवंबर 2026 को निर्धारित है। व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी ने बताया कि मतदाता सूची में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम शामिल होना आवश्यक है।

इसके लिए प्रशासन के साथ राजनीतिक दलों और उनके बूथ लेवल एजेंटों की भागीदारी भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि वे अपने बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) के माध्यम से संबंधित मतदाताओं को जागरूक करें तथा उन्हें गणना प्रपत्र भरकर जमा करवाने में सहयोग प्रदान करे।

स्वतंत्रता सेनानी मदनमोहन मालवीय के जीवन से ले प्रेरणा : शिक्षाविद मोहनप्रकाश कौशिक

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता
उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर दौहला रोड़ स्थित डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन मोहनप्रकाश कौशिक ने महामना भारत रत्न पंडित मदनमोहन मालवीय की पुण्यतिथि पर बृहस्पतिवार को आयोजित कार्यक्रम में उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए कहा कि काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक, महान शिक्षाविद, समाज सुधारक और स्वतंत्रता सेनानी रहे भारत रत्न महामना पंडित मदनमोहन मालवीय के जीवन से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। यहां पर बृहस्पतिवार को डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रांगण में विद्यालय निर्देशक हर्षित शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किए गए भारत रत्न पंडित मदनमोहन मालवीय स्मृति कार्यक्रम में उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन मोहनप्रकाश कौशिक ने कहा कि हिंदू राष्ट्रवाद के समर्थक मदनमोहन मालवीय देश से जातिगत बेडिय़ों को तोडऩा चाहते थे। उन्होने दलितों को मंदिरों में प्रवेश निषेध की बुराई के खिलाफ जबरदस्त तरीके से आंदोलन चलाया। जिसकी बदौलत दलितों को मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना करने की अनुमति मिली। उन्होने भारत रत्न पंडित मदनमोहन मालवीय को महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक बताते हुए कहा कि उनका जन्म 25 दिसम्बर, 1861 को मालवा क्षेत्र में हुआ। इसलिए वह मालवीय कहलाए। उन्होने उच्च शिक्षा प्राप्त कर अध्यापन कार्य किया और वकालत का व्यवसाय अपनाकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में वकालत की।

सोहना के बाजार में छाई छठ की छटा-लोक आस्था का पर्व छठपूजा नहाय-खाय के साथ आज से होगा शुरू

आज से शुरू होगी खेल स्टेडियम में छठ पूजा उत्सव की शुरूआत-सोहना में आज नहाय खाय से शुरू होगा छठ पर्व

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता
उमेश गुप्ता

सोहना। लोक आस्था का पर्व छठपूजा उत्सव शुक्रवार, 13 नवम्बर को नहाय-खाय के साथ पूरे विधि-विधानपूर्वक शुरू होगा। छठपूजा उत्सव आयोजन को लेकर पूर्वांचल के लोगों में जबरदस्त उत्साह का माहौल नजर आ रहा है। देखने में आ रहा है कि शिवनगरी सोहना में छठ पूजा उत्सव को लेकर चल रही तैयारियां तेजी पकड़ गई है और बिहार व उत्तरप्रदेश आदि सूबों से आकर यहां अपने परिवारों का भरण-पोषण करने वाले लोगों व परिवारों के बीच छठ पूजा उत्सव आयोजन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। भारतीय जीवन बीमा निगम की सोहना शाखा में एसडीओ के पद पर कार्यरत विनोद शुक्ला और स्थानीय वरदान अस्पताल में एचआर हैड प्रमोद कुमार पांडे ने बताया कि आयोजन की शुरूआत शुक्रवार, 13 नवम्बर से होगी और सोमवार, 16 नवम्बर को समापन होगा। शहर के खेलस्टेडियम में कृत्रिम तालाब बनाकर पूजन की व्यवस्था की गई है ताकि साफ व निर्मल जल में व्रती विधि-विधानपूर्वक पूजन कर सके। इसके साथ ही साफ-सफाई और प्रदूषण पर रोक, स्वच्छता को बढ़ावा, पौधारोपण, जल बचत व संरक्षण पर मौजूदों को जागरूक बनाया जाएगा। यहां उत्सव आयोजन से जुड़ी ममता सिन्हा, इंद्रा पांडे, रीता देवी, रीतू शुक्ला, सरिता शुक्ला, किरण देवी त्रिपाठी, पूनम देवी, साक्षी सिन्हा, नगरपार्षद वेदकला शर्मा आदि लोगों ने इस पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व भगवान सूर्य देव की आराधना और सूर्य देव को अघ्र्य देने का स्वर्णिम अवसर प्रदत करता है। उन्होने बताया कि हिंदू चन्द्र मास में कार्तिक महीने में छठवें दिन छठ का त्यौहार श्रद्धालु भक्तों द्वारा पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। उन्होने बताया कि इस बार छठ पूजा उत्सव को लेकर यहां चल रही तैयारियां



पूरी कर ली गई है। यहां पर आदर्श गांव भौंड़सी की मारूतिकुंज कॉलोनी में रहने वाले समाजसेवी व छठ मैया के परम भक्त भाजपा किसान मोर्चा में भौंड़सी मंडल के अध्यक्ष सरपंच सुरज्ञान सिंह, युवा समाजसेवी गौरव खटाना, सागर खटाना बताते है कि एक तरफ जहां इस क्षेत्र में बिहार, उत्तरप्रदेश के लोगों द्वारा छठ पूजा को लेकर पूजा-अर्चना उत्सव के लिए तैयारियां चल रही है। ऐसा भी देखने को मिल रहा है कि जो लोग छठ पूजा के लिए किसी कारणवश अपने पैतृक गांव नहीं जा पा रहे है, ऐसे लोग कृष्णाकुंज कॉलोनी में छठ पूजा के लिए बनाए गए घाट के साथ-साथ भौंड़सी की विभिन्न कॉलोनियों और सोहना में ही किसी स्थान पर सामूहिक रूप से बड़े पैमाने पर छठ पूजा के आयोजन में शामिल होंगे। सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा एडवोकेट बताते है कि सोहना शहर के साथ-साथ क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भी बिहार के रहने वाले लोग खासी तादाद में रहते है। उनका चाहे कोई भी त्यौहार हो, कोशिश यहीं रहती है कि अपने गांव जाकर परिवार के बीच त्यौहार को मनाया जाए लेकिन किसी कारणवश यदि यहां रहने वाले बिहारी अपने गांव नहीं जा पाते तो वह यहीं पर अपने त्यौहार को पूरे हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाते है, जिसमें स्थानीय लोगों को भी विशेष रूप से आमंत्रित करते है। आयोजन से जुड़े विनोद शुक्ला, वीरमणि सिंह, मुन्ना सिंह, दीनानाथ दूबे, तारकेश्वर पांडे, टीपी सिन्हा, बीएनके सिन्हा, एके यादव, एके उपाध्याय, एके पांडे, मुन्ना, रमाशंकर उपाध्याय, देवदत्त शर्मा एडवोकेट, बृजकिशोर सिंह, अखिलेश्वर पांडे, रामासया वर्मा, संजय मिश्रा, ओमप्रकाश चौरसिया, रिंकू सिन्हा, प्रवीण दूबे, निखिल सिन्हा, मनीष सिंह, अभिषेक सिंह, अखिलेश उपाध्याय, सोनू पांडे, बैजनाथ उपाध्याय, राहुल मिश्रा,

विजयप्रताप, रवि मिश्रा, सुगंधि देवी, मीना कुमार, इंद्रा देवी, ममता देवी, रीतू शुक्ला, नगरपार्षद वेदकला शर्मा ने बताया कि आयोजन की शुरूआत शुक्रवार, 13 नवम्बर को होगी जबकि आयोजन का समापन सोमवार, 16 नवम्बर की सुबह होगा। शहर के खेलस्टेडियम में कृत्रिम तालाब बनाकर पूजन की व्यवस्था की गई है ताकि साफ व निर्मल जल में व्रती विधि-विधानपूर्वक पूजन कर सके। इसके साथ ही साफ-सफाई और प्रदूषण पर रोक, स्वच्छता को बढ़ावा, पौधारोपण, जल बचत व संरक्षण पर मौजूदों को जागरूक बनाया जाएगा। छठ पूजन समिति का कहना है कि सोहना में छठ पूजन आयोजन में प्रशासन विशेषकर सोहना जोन के एसडीएम और स्थानीय नगरपरिषद व पुलिस प्रशासन का उन्हे भरपूर सहयोग मिलता है।

कांग्रेस ने आज से शुरू किया चलो चौपाल अभियान : कांग्रेस नेता महेश घोडारोप

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता
उमेश गुप्ता



सोहना। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान को धार देने के लिए आज से गांव-गांव हुंकार भरने के लिए 'चलो चौपाल' अभियान की शुरूआत कर दी है। उन्होने बताया कि कांग्रेस पार्टी अब कथित वोट चोरी के मुददे पर भाजपा और चुनावआयोग को गांव-गांव जाकर घेरने में जुट गई है और यह अभियान पूरे राज्य में 24 नवम्बर तक चलेगा। इसके तहत राज्य के हर गांव में कांग्रेस पार्टी चौपाल लगाकर मतदाता सूचियों में की गई कथित गड़बडिय़ों, चुनावी अनियमितताओं और मतदान के अधिकार से जुड़े मुददों पर जनता को जागरूक बनाते हुए भाजपा व मुख्य चुनाव आयुक्त की अंदरूनी मिलीभगत से की जा रही वोट चोरी का भांड़ाफोड़ कर रही है। उन्होने बताया कि 'चलो चौपाल' अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी में हरियाणा मामलों के प्रभारी संजय सतीश दत्त और कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेन्द्र सिंह विभिन्न जिलों का दौरा कर इस अभियान की अगुवाई करेंगे तो राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुडडा, सांसद कुमारी सैलजा, चौधरी रणदीप सिंह सुरजेवाला और सांसद दीपेन्द्र सिंह हुडडा, कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष चौधरी बीरेन्द्र सिंह तथा चौधरी मलिक व अशोक तंवर और चौधरी उदयभान के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी के सांसद, विधायक, कांग्रेस कमेटियों के जिलाध्यक्ष, पूर्वमंत्री, पूर्व सांसद, कांग्रेस पार्टी के पूर्व व मौजूदा विधायक, पार्टी के अग्रिम संगठनों, प्रकोष्ठों और विभागों के पदाधिकारियों समेत कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता चौपालों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होंगे। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने बताया कि 'चलो चौपाल' अभियान के दौरान कांग्रेस एसआईआर प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाए जाने, कथित वोट चोरी के आरोपों की स्वतंत्र व पारदर्शी जांच कराने और मतदाता सूचियों से गलत तरीके से हटाए गए पात्र मतदाताओं के नाम दोबारा शामिल किए जाने, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर जांच बैठाए जाने की मांग को जोरशोर से उठा रही है। उन्होने यह भी बताया कि इन अभियानों के सहारे कांग्रेस पार्टी ने राज्य विधानसभा चुनाव 2024 के नतीजों पर फिर से सवाल खड़े कर चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में आए जनादेश को सुनियोजित तरीके से प्रभावित कर भाजपा को फायदा पहुंचाने के मामलों को जोरशोर से उठाने का निर्णय लिया है। अपने चौपाल कार्यक्रमों में कांग्रेस पार्टी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भूमिका पर भी सवाल उठाएगी।

बाजरे की खरीद अचानक बंद करना किसान विरोधी तुगलकी फरमान : इनेलो नेता रोहताश खटाना

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता
उमेश गुप्ता

सोहना। इनेलो के जिलाध्यक्ष चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार ने अनाजमंडियों में बाजरे की चल रही सरकारी खरीद को बिना कोई कारण बताए अचानक बंद कर ना केवल अपने किसान विरोधी चेहरे को बेनकाब किया है बल्कि सरकार के लिए गए इस निर्णय से किसानों के साथ-साथ गल्ला व्यापारियों, आढ़तियों में भी सरकार की कार्यप्रणाली को लेकर जबरदस्त रोष फैल गया है। उन्होने बताया कि सरकार ने पहले किसानों की वाहवाही लूटने के लिए बाजरे की सरकारी खरीद 15 नवम्बर तक किए जाने का ऐलान किया। किसानों को अनाजमंडियों में बाजरा बेचने के लिए परेशानियों से जूझना पड़ा। कई किसानों की फसल तो अब तक नही बिक पाई है। ऐसे में बाजरे की सरकारी खरीद बंद होने से बाजरा उत्पादक किसानों के सामने अपनी फसल बेचने का संकट खड़ा हो गया है जबकि किसान पहले ही मौसम और खेती की बढ़ती लागत से परेशान है। बृहस्पतिवार को सोहना अनाजमंडी में दौरा करने उपरान्त इनेलो के जिलाध्यक्ष चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने बताया कि अभी भी किसानों की बाजरे की फसल मंडियों में पहुंच रही है। ऐसे में अचानक बाजरे की खरीद बंद करना किसी भी तरह ठीक नही है। यदि सरकार को दस नवम्बर तक ही बाजरा खरीद करने का निर्णय लेना था तो इसकी पूर्व सूचना किसानों व आढ़तियों को पहले दी जानी थी ताकि किसान अपनी बाजरे की फसल पहले ही बेचने की व्यवस्था कर लेते। उन्होने ऐसे भी संकेत दिए कि इनेलो बाजरे की खरीद अचानक बंद किए जाने का मुददा जोरशोर से उठाते हुए किसानों, गल्ला व्यापारियों, आढ़तियों के हक में आवाज उठाने के साथ-साथ जरूरत पडऩे पर आंदोलन चलाने में भी पीछे नही हटेगी।

बरसाती पानी से होने वाले जलभराव को रोकने के लिए दस जगहों पर जलाशय बनाकर दमदमा झील में डाला जाएगा पानी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। मानसून के दौरान जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान करने के लिए सरकार जल्द ही योजना तैयार कर उसे धरातल पर कार्यरूप देने वाली है। तैयार की जा रही इस योजना के तहत बरसाती पानी को संरक्षित करने और सोहना-भौंड़सी-बादशाहपुर व गुरूग्राम आदि को जलभराव से मुक्ति दिलाने के लिए जलभराव वाले प्रमुख स्थानों की पहचान कर 10 स्थानों पर जलाशय बनाकर इन जलाशयों में इकटठा किए गए बरसाती पानी को दमदमा झील में पहुंचाया जाएगा ताकि दमदमा झील भी सूखी ना रहे और यदि इसके बाद भी अतिरिक्त बरसाती पानी बचेगा तो उसे गुरूग्राम से बादशाहपुर, भौंड़सी, सोहना होकर नूंह, पलवल ड्रेन के जरिए यमुना नदी में पहुंचाए जाने की योजना है। इस योजना को सिरे चढ़ाने के लिए आज शहरी विकास विभाग के प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी ने दमदमा झील का निरीक्षण किया और बताया कि योजना के तहत पहले सरकारी जमीन पर बने मौजूदा जलाशयों की क्षमता बढ़ाकर और नए जलाशय विकसित कर



बरसाती पानी जमा किया जाएगा। इस मौके पर उन्होने संबंधित विभाग के अधिकारियों और ईंडो जापानी कम्पनी निप्पोन कोई के प्रतिनिधियों के साथ दमदमा झील के किनारे बने हरियाणा पर्यटन निगम के सरस पर्यटन स्थल में बैठक ली। इस बैठक में बरसाती पानी के संग्रहण पर चर्चा हुई तो बैठक में जीएमडीए ने निप्पोन कोई को इस योजना पर सर्वे कर 4 विकल्पों की रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपने की बात कही। कम्पनी अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सरकार को सौंप चुकी है। इस रिपोर्ट के 4 में से 3 विकल्पों में दमदमा झील को अहम स्थान दिया गया है। अंतिम रिपोर्ट मिलने के बाद सरकार इन विकल्पों पर गहनता से विचार कर निर्णय लेगी। केन्द्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह और प्रदेश सरकार में उद्योगमंत्री राव नरबीर सिंह भी इस मुददे पर फोकस करते रहे है तो सोहना हलका से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर भी अपने विधानसभा क्षेत्र के सोहना-भौंड़सी-मारूतिकुंज समेत विभिन्न स्थानों पर होने वाले जलभराव से मुक्ति के लिए सरकार से कई बार गुहार लगाते आए है। शहरी विकास विभाग के प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी ने इस बैठक में मौजूद वन विभाग के अधिकारियों को अगले 2 दिनों में 10 ऐसे संभवित स्थलों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए है और कहा है कि यह स्थल नगरनिगम या ग्रामपंचायतों की सीमा में आने चाहिए। इन स्थानों पर बड़े-बड़े जलाशय मौजूद हो या नए जलाशय विकसित किए जा सके। उन्होने गुरूग्राम व मानेसर नगरनिगम क्षेत्रों में भी सरकारी जमीन पन बने जलाशयों की क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया ताकि ऐसा किए जाने पर भूजल स्तर बढ़ाने के साथ-साथ भूमिगत जल के पुनर्भरण में मदद मिले। शहरी विकास विभाग के प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी ने इस मौके पर सोहना जोन के एसडीएम अखिलेश कुमार यादव को भी निर्देश दिए कि वह कल सुबह तक दमदमा झील से लगते वन क्षेत्र की जमीन का विवरण उपलब्ध कराए। वही वन विभाग ने गुरूग्राम-फरीदाबाद सडक़ मार्ग के दोनों ओर वाले प्राकृतिक जल प्रवाह मार्ग बताए। इनमें बरसात के अतिरिक्त पानी छोडऩे की संभावनाए आसानी से तलाशी जा सकती है। ऐसे में माना जा रहा है कि सोहना के गांव रिठौज, खेड़ला, भौंड़सी, सकतपुर, गैरतपुरबास, कादरपुर समेत विभिन्न गांवों में भी पानी संग्रहण के स्थान पहचाने जाएंगे और जरूरत पडऩे पर पुराने जलाशयों की क्षमता बढ़ाई जाएगी। जहां जरूरत होगी, वहां नए जलाशय भी बनाए जाएंगे। शहरी विकास विभाग के प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी ने एसडीएम सोहना को यह भी निर्देश दिए कि दमदमा झील से लगते वनक्षेत्र की भूमि के मालिकाना हक का राजस्व रिकार्ड तत्काल प्रभाव से उपलब्ध कराया जाए ताकि योजना को जल्द से जल्द सिरे चढ़ाया जा सके।

क्रांतिकारी मदनमोहन मालवीय के जीवन से ले प्रेरणा : भाजपा नेता दिनेश शर्मा



